सुविचार

रिश्तों में याद रखने और भूलने के बीच संतुलन की आवश्यकता होती है।

-रॉबर्ट फ्रॉस्ट

Daily

THE PHOTON NEWS

सच के हक में...

द फोटोन न्यूज Published from Ranchi

Ranchi ● Wednesday, 11 December 2024 ● Year : 02 ● Issue : 318 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : ₹3 ● www.thephotonnews.com | E-Paper : epaper.thephotonnews.com

Tamannaah Bhatia's Mocha Mousse... 12

SHARE

संसेक्स	:	81,510.05
निफ्टी	:	24,610.05

SARAFA

सोना	:	7,385
चांदी	:	104.00

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

प्रोटेम स्पीकर स्टीफन मरांडी ने इस पद के लिए आए प्रस्तावों को पढ़ा और किया एलान

दूसरी बार अध्यक्ष बने रबींद्रनाथ महतो

सीएम हेमंत सोरेन और भाजपा विधायक बाबूलाल मरांडी आसन तक लेकर गए

बधाई देते हुए दिल खोलकर मुख्यमंत्री ने की महतो के पहले कार्यकाल की सराहना

- बाबूलाल मरांडी ने महतो को दी शुभकामनाएं, नए विधायकों को मौका देने का किया आग्रह
- विधानसभा अध्यक्ष चुने जाने के बाद महतो ने सभी दलों के विधायकों के प्रति जताया आभार
- सदन चलाने में समान रूप से सहयोग करेंगे सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्य
- सीएम हेमंत बोले- राज्य के विकास में सत्ता पक्ष और विपक्ष की भूमिका अहम
- चुनाव के दौरान राज्य की जनता ने जो निर्णय सुनाया है, उसका मिलकर करें सम्मान

PHOTON NEWS RANCHI : मंगलवार को झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र के दूसरे दिन अध्यक्ष पद के लिए चुनाव हुआ। इसमें जेएमएम विधायक रबींद्रनाथ महतो को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। वह लगातार दूसरी बार विधानसभा का अध्यक्ष चुने गए हैं। प्रोटेम अध्यक्ष स्टीफन मरांडी ने इस पद के लिए आए प्रस्तावों को पढ़ा और उसके बाद सर्वसम्मति से रबींद्रनाथ महतो के नाम का एलान किया। उनके नाम की घोषणा होते ही प्रोटेम स्पीकर के कहने पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और भाजपा विधायक सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी रबींद्रनाथ महतो को अध्यक्ष के आसन तक ले गए। माहौल सौहार्दपूर्ण था। सदन को चलाने में सत्ता पक्ष और विपक्ष के सभी सदस्यों ने सहयोग करने का आश्वासन दिया। अध्यक्ष पद के लिए नाला विधायक रबींद्रनाथ महतो के पक्ष में कुल सात प्रस्ताव आए। सीएम ने प्रस्ताव रखा। मथुरा महतो ने समर्थन किया। इसके बाद सर्वसम्मति से प्रस्ताव स्वीकृत हुआ। रबींद्रनाथ महतो के अध्यक्ष चुने जाने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सदन को संबोधित किया। कहा कि राज्य के सर्वांगीण विकास में सत्ता पक्ष के साथ विपक्ष की भूमिका अहम है। विपक्ष से आग्रह किया कि इस चुनाव के दौरान राज्य की जनता ने जो निर्णय सुनाया है, उस निर्णय का सम्मान करें। उन्होंने कहा कि महान विभूतियों के सपने को सकार करने में भूमिका निभानी चाहिए।

आज बहुमत साबित करेगी हेमंत सरकार

विधानसभा सत्र के तीसरे दिन यानी बुधवार को सदन की कार्यवाही राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार के अभिभाषण के साथ शुरू होगी। उसके बाद राज्य सरकार द्वारा सदन के पटल पर चालू वित्तीय वर्ष के द्वितीय अनुपूरक बजट को लाया जाएगा। अनुपूरक बजट पर चर्चा के बाद इसे पारित करने की कार्यवाही होगी। इसके अलावा हेमंत सरकार सदन में बहुमत साबित करने का काम करेगी। चार दिनों का यह सत्र राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के बाद 12 दिसंबर को समाप्त होगा। 11 दिसंबर को दिन के 11-30 बजे राज्यपाल का अभिभाषण होगा। इसके बाद वित्तीय वर्ष 2024-25 का अनुपूरक बजट सदन में पेश किया जाएगा। 12 दिसंबर को राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव, वाद-विवाद सरकार का उत्तर और विश्वास मत हासिल करने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

नेता प्रतिपक्ष को लेकर सस्पेंस बरकरार

झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष कौन होगा, इस पर अब तक संशय बरकरार है। प्रमुख विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी अब तक विधायक दल का नेता नहीं चुन पाई है। इस कारण नेता प्रतिपक्ष के चयन का रास्ता साफ नहीं हो पाया है। इस संबंध में पूछे गए सवाल पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जल्द ही तय हो जाएगा और जैसे ही नाम की घोषणा होगी, आप लोगों को जानकारी दे दी जाएगी। पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन कहते हैं कि नेता प्रतिपक्ष के नाम की घोषणा 12 दिसंबर के बाद होगी। इधर, एनडीए के सहयोगी दल लोजपा के एकमात्र विधायक जनार्दन पासवान कहते हैं कि अभी शुरूआत ही है।

पहले विधायक, जो दूसरी बार बने अध्यक्ष

अध्यक्ष के लिए रबींद्रनाथ महतो के नाम मुहर लगते ही इतिहास बन गया। वह एकमात्र ऐसे विधायक हैं, जिन्हें लगातार यह दूसरी बार जिम्मेदारी सौंपी गई। आमतौर पर अध्यक्ष को लेकर मिथक है कि विधानसभा अध्यक्ष रहते हुए विधायक बनना आसान नहीं होता है। बता दें कि रबींद्रनाथ महतो नाला सीट चौथी बार विधायक चुन कर आए हैं। उन्होंने पहली बार 2005 में नाला से झारखंड विधानसभा तक का सफर पूरा किया। इसके बाद वे लगातार 2014 और 2019 तथा 2024 के चुनावों में जीत हासिल की है।

पंचम विस में भी फंसा था नेता प्रतिपक्ष का पेंच

बता दें कि पंचम विधानसभा में भी नेता प्रतिपक्ष को लेकर मामला फंसा था और आखिरकार बाबूलाल मरांडी की जगह अमर कुमार बाउरी को नेता प्रतिपक्ष बनाने पर सहमति बनी। लेकिन, इस बार छठे विधानसभा के कार्यकाल में कोई विवाद होने की संभावना नहीं है। बीजेपी की ओर से विधायक दल के नेता का चयन होने में हो रही देरी को मुख्य वजह माना जा रही है। जानकारी के अनुसार, नेता प्रतिपक्ष को लेकर भाजपा के अंदर मंथन का दौर जारी है। सामाजिक और राजनीतिक समीकरण को ध्यान में रखकर बीजेपी जल्द ही इस पर निर्णय लेने वाली है। पार्टी अभी तक यह तय नहीं कर पाई है कि ट्राइबल या ओबीसी या सामान्य कोटे से विधायक दल का नेता बनाया जाए। नेता प्रतिपक्ष के लिए बाबूलाल मरांडी, चम्पाई सोरेन, सीपी सिंह, शशिभूषण मेहता जैसे नेता रेस में हैं।

विधानसभा लोकतंत्र का सबसे बड़ा मंदिर : हेमंत

रवींद्रनाथ महतो के अध्यक्ष चुने जाने के बाद सीएम ने उन्हें बधाई दी। कहा कि मैं अपनी पार्टी और सत्ता पक्ष की ओर से में ढेर सारी शुभकामनाएं देता हूं। आगे कहा कि विधानसभा लोकतंत्र का सबसे बड़ा मंदिर है। यह देश की महान विभूतियों के समर्पण और त्याग का परिणाम है। कहीं न कहीं हमारे इस लोकतंत्र का लोहा पूरी दुनिया मानती है। अलग-अलग रंग, बोली, सभ्यता-संस्कृति एक साथ मिलकर एक समूह में रहकर अपनी हर समस्या का समाधान करते हैं। उन महान विभूतियों के विचारों को देश आजाद होने से अब तक सम्मान करते आया है। उनके विचारों को अपने कंधों पर लेकर निरंतर इस लोकतंत्र को और मजबूत करने में सब लगे हैं। महतो के पिछले कार्यकाल को याद करते हुए हेमंत सोरेन ने कहा कि सदन में पक्ष-विपक्ष होते हैं। दोनों की बीच आपने संतुलन और गरिमा को बनाए रखा। निश्चित रूप से आपने सदन की गरिमा को और मजबूत रखने में अहम भूमिका अदा की है। इसके लिए उन्होंने अध्यक्ष के प्रति अभार प्रकट किया। आगे कहा कि इसी प्रकार सबने सर्वसम्मति से आपको छठी विधानसभा के अध्यक्ष के रूप में चुना है। उम्मीद और भरोसा है कि इस विधानसभा भी पूर्व सत्रों की तरह हम सब मिलकर इस राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए इस मंदिर में एकत्रित होंगे और हम सब मिलकर इस राज्य की बेहतरी के लिए मिलकर आगे बढ़ने का प्रयास करेंगे।

सदन निर्बाध चले, गतिरोध न हो, यही आपसे अपेक्षा : महतो

अध्यक्ष चुने जाने के बाद रबींद्रनाथ महतो ने कहा कि मुझे आप सभी से अपेक्षा है कि सदन निर्बाध रूप से चले और सदन में गतिरोध न हो। उन्होंने स्पीकर चुने जाने पर सभी दलों के प्रति आभार व्यक्त किया। भाजपा विधायक बाबूलाल मरांडी ने स्पीकर रबींद्रनाथ महतो को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आग्रह है कि कोई भी विधायक जब सदन में मामला उठाए तो उसका समाधान हो। सदन के कस्टोडियन के नाते सभी को अवसर दें। इससे नए विधायकों में आत्मविश्वास पैदा होगा।

BRIEF NEWS

नहीं रहे देश के पूर्व विदेश मंत्री एसएम कृष्णा

NEW DELHI : मंगलवार को कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री, विदेश मंत्री, महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल और भाजपा के वरिष्ठ नेता एसएम कृष्णा का निधन हो गया। सुबह 2:45 बजे बेंगलुरु स्थित अपने घर पर उन्होंने अंतिम सांस ली। एसएम कृष्णा का जन्म 1932 में हुआ था। उनका पूरा नाम सोमनाहल्ली मल्लैया कृष्णा है। वे साल 1999 से 2004 कर्नाटक के मुख्यमंत्री रहे और वर्ष 2004 से 2008 तक महाराष्ट्र के राज्यपाल रहे। 22 मई 2009 को प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने कृष्णा को केंद्रीय कैबिनेट में शामिल किया और 23 मई 2009 विदेश मंत्रालय की जिम्मेदारी सौंपी। मार्च 2017 में एसएम कृष्णा कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे। 2023 में सरकार ने एसएम कृष्णा को पद्म विभूषण से सम्मानित किया।

हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ देशभर में प्रदर्शन

NEW DELHI : बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार और मानवाधिकार उल्लंघन के खिलाफ देशभर में प्रदर्शन चल रहा है। जम्मू-कश्मीर, नई दिल्ली, मुंबई, असम, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक समेत देश के कई राज्यों में लोग रैलियां निकाल रहे हैं। इधर दिल्ली में मंगलवार को बांग्लादेश हाईकमीशन के बाहर आरएसएस समेत कई संगठनों प्रदर्शन और नारेबाजी की। सिविल सोसाइटी ने चाणक्यपुरी में विरोध मार्च निकाला। हालांकि इससे पहले बांग्लादेश उच्चायोग के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। प्रदर्शन का नेतृत्व साध्वी ऋतंभरा ज्योति ने किया। उनके अलावा इस्कॉन के सदस्यों ने भी कीर्तन करते हुए विरोध मार्च निकाला और हिंदुओं समेत चिन्मय दास पर हो रहे अत्याचारों पर एक्शन की मांग रखी। बांग्लादेश की 17 करोड़ आबादी में करीब 8 प्रतिशत फीसदी हिंदू हैं। 5 अगस्त को शेख हसीना की अवामी लीग सरकार के गिरने के बाद से बांग्लादेश के 50 से ज्यादा जिलों में हिंदुओं पर 200 से ज्यादा हिंसक हमले हो चुके हैं।

धोखाधड़ी के मामले में एक्टर धर्मेंद्र तलब

NEW DELHI : दिल्ली की एक अदालत ने गरम धरम ढाबा फ्रेंचाइजी से संबंधित धोखाधड़ी के एक मामले में फिल्म अभिनेता धर्मेंद्र और दो अन्य को तलब किया है। शिकायतकर्ता के वकील ने यह जानकारी दी। वकील डीडी पांडे ने बताया कि न्यायिक मजिस्ट्रेट यशदीप चहल ने दिल्ली के व्यवसायी सुशील कुमार की शिकायत पर 89 वर्षीय अभिनेता के खिलाफ यह आदेश पारित किया। सुशील कुमार ने आरोप लगाया था कि उन्हें फ्रेंचाइजी में निवेश का प्रलोभन दिया गया था। न्यायाधीश ने कहा कि प्रथम दृष्टया अभिनेता और सह आरोपी दीपक भारद्वाज व उमंग तिवारी के खिलाफ धोखाधड़ी और आपराधिक षड्यंत्र का मामला प्रतीत होता है। न्यायाधीश ने आरोपियों को 20 फरवरी 2025 को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया।

सीबीआई जांच में हुआ बड़ा खुलासा

कोयला ब्लॉक के लिए दिखाया निजी जमीन का फर्जी दस्तावेज

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड में कोयला घोटाले को लेकर सेंट्रल ब्यूरो आफ इन्वेस्टिगेशन (सीबीआई) की जांच में बड़ा खुलासा सामने आया है। पता चला है कि अभिजीत इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड ने कोयला ब्लॉक हासिल करने के लिए अधिकारियों के साथ मिलकर हजारीबाग में निजी जमीन की खरीद का फर्जी दस्तावेज पेश किया गया था। यहां तक कि प्लांट के लिए मशीनरी की खरीद और बैंकों के साथ वित्तीय गठजोड़ से संबंधित जाली दस्तावेजों की फोटोकॉपी भी प्रस्तुत की गई थी। बता दें कि सीबीआई की एक विशेष अदालत ने सोमवार को झारखंड में बृंदा, सिसई और मेराल कोयला ब्लॉकों के आवंटन से संबंधित कोयला घोटाला मामले में अभिजीत इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के प्रबंध निदेशक मनोज कुमार जायसवाल और इसके पूर्व निदेशक रमेश कुमार जायसवाल को दोषी ठहराया था।

- विशेष अदालत ने ठहराया था दोषी
- केंद्र सरकार की सिफारिश हासिल करने के लिए किया गया घपला

देश के 10 राज्यों में शुरू हो गई शीतलहर, झारखंड व बिहार में घना कोहरा

NEW DELHI : हिमालय के ऊपरी इलाकों में लगातार बर्फबारी का असर मैदानी राज्यों तक पहुंच गया है। जम्मू कश्मीर, लद्दाख, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में पिछले 4 दिन से हो रही बर्फबारी के बाद ठंड बढ़ गई है। मंगलवार को बफीर्ली हवाओं के असर से सौराष्ट्र, कच्छ, हरियाणा, दिल्ली, चंडीगढ़, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पंजाब, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, उत्तराखंड में शीतलहर चल रही है। हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, बंगाल, सिक्किम, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा में घना कोहरा छाया हुआ है। श्रीनगर में इस मौसम का सबसे कम तापमान -5.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि सोनमर्ग -9.7 डिग्री के साथ सबसे ठंडा रहा। गुलमर्ग में पारा -9.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उत्तराखंड के केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम में सीजन की पहली बर्फबारी हुई। इसके बाद राज्य सरकार ने दोनों जगह चल रहे विकास कार्य रोक दिए हैं। इधर दक्षिण भारत में एक बार फिर बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

विपक्ष का धनखड़ पर पक्षपातपूर्ण तरीके से सदन चलाने का आरोप

धनखड़ के खिलाफ 'इंडिया' के सदस्यों ने दिया अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस

AGENCY NEW DELHI : मंगलवार को संसद के शीतकालीन सत्र का 11वां दिन था। 'इंडिया' ब्लॉक ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश करने की तैयारी कर ली। विपक्षी सांसदों ने राज्यसभा के जनरल सेक्रेटरी पीसी मोदी को धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया। इस नोटिस में कांग्रेस, टीएमसी, आप, सपा, डीएमके, सीपीआई, सीपीआई-एम और राजद समेत कई पार्टियों के 60 सांसदों के दस्तखत हैं। विपक्ष का धनखड़ पर पक्षपातपूर्ण तरीके से सदन चलाने का आरोप है। ह्यइंडियाह्न गठबंधन के सांसदों ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ पर विपक्ष की आवाज दबाने का आरोप लगाया है। विपक्ष का आरोप है कि धनखड़ हमेशा सत्ता पक्ष का पक्ष लेते हैं। मंगलवार को 11 बजे दोनों सदनों की कार्यवाही शुरू हुई।

प्रस्ताव पर विभिन्न दलों के 60 सदस्यों ने किए हैं दस्तखत

पहली बार राज्यसभा के सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव

यह पहली बार है, जब किसी राज्यसभा के सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है। इससे पहले भी विपक्ष ने धनखड़ पर पक्षपात करने का आरोप लगाया था। उपराष्ट्रपति राज्यसभा के पदेन सभापति होते हैं। उनपर उच्च सदन को सुचारू रूप से चलाने की जिम्मेदारी होती है। सभापति पद से तभी हटाया जा सकता है, जब उन्हें उपराष्ट्रपति पद से हटा दिया जाए।

राहुल को छोड़कर सभी सांसद चाहते हैं चर्चा : संसदीय कार्य मंत्री

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि कोई भी मुद्दा हो, हम सदन की कार्यवाही बाधित नहीं करेंगे। सपा, टीएमसी और कांग्रेस समेत कई पार्टियों के सांसद मेरे पास आए थे। पूरी कांग्रेस पार्टी राज्यसभा में चर्चा करना चाहती है, सिर्फ राहुल गांधी संसद की कार्यवाही में हिस्सा नहीं लेना चाहते। शायद उनका संसदीय लोकतंत्र में विश्वास नहीं है। सभी सांसद चर्चा चाहते हैं, हर सांसद के लिए उनका संसदीय क्षेत्र अहमियत रखता है। राहुल के लिए कोई मुद्दा मायने नहीं रखता। इधर, प्रियंका गांधी ने कहा कि हम जो प्रदर्शन कर रहे हैं, वो बाहर कर रहे हैं।

बड़ा संकट ढाई दशकों में सूखे की चपेट में होगी 75% जनसंख्या

भविष्य में बड़ी आबादी को तरसाएगी पानी की किल्लत

AGENCY NEW DELHI : जिंदगानी और पानी का रिश्ता अटूट है। पानी की कमी जिंदगानी का सर्वोपरि संकट है। यह संकट एकदेशीय नहीं, बल्कि सर्वदेशीय हो चुका है। भविष्य में इसके और गंभीर होने की स्थिति पैदा हो गई है। हाल के नए अध्ययन से यह सच्चाई सामने आई है कि जलवायु परिवर्तन के कारण विश्वभर के महाद्वीपों में पानी की कमी बढ़ रही है। दूसरी ओर आबादी में वृद्धि, तेजी से हो रहा औद्योगीकरण, शहरीकरण, फसल तीव्रता और धरती के अंदर कम होते जलस्तर के कारण प्रति व्यक्ति पानी उपलब्धता लगातार कम हो रही है और सूखे के हालात बढ़ रहे हैं। वर्तमान में दुनिया की लगभग 40 फीसद भूमि खराब हो चुकी है। इसका सीधा असर 3.2 अरब लोगों पर पड़ रहा है। वर्ष 2050 तक दुनिया की लगभग 75 फीसद आबादी सूखे से प्रभावित होगी। दुनिया में बढ़ते रेगिस्तान को रोकने के लिए संयुक्त राष्ट्र की संस्था यूनाइटेड नेशन कन्वेंशन टू कंबैट डेजर्टिफिकेशन (यूएनसीसीडी) और यूरोपीय कमीशन जॉइंट रिसर्च सेंटर 2024 के लिए जारी वर्ल्ड डेजर्ट एटलस में इस बात का खुलासा हुआ है।

यूएनसीसीडी के लिए जारी वर्ल्ड डेजर्ट एटलस में किया गया है सच्चाई का खुलासा

ऊर्जा, व्यापार और कृषि पर पड़ रहे असर की विस्तार से दी गई है जानकारी

- वर्तमान में खराब हो चुकी है दुनिया की लगभग 40 फीसद भूमि
- 3.2 अरब लोगों की जिंदगी को सीधे प्रभावित कर रही भूमि की हालत
- तेजी से हो रहे औद्योगीकरण और शहरीकरण ने भयावह बना दी है स्थिति
- फसल तीव्रता और धरती के अंदर कम होते जलस्तर की समस्या को दूर करना जरूरी

जलवायु परिवर्तन की वजह से महाद्वीपों में लगातार कम होता जा रहा जल

सोयाबीन उत्पादन में नुकसान

इस रिपोर्ट में भारत में सूखे के कारण सोयाबीन उत्पादन में भारी नुकसान का अनुमान लगाया गया है। इससे यह पता चलता है कि सूखा हमेशा एक प्राकृतिक घटना नहीं होता। 2020 से 2023 के बीच भारत में जल प्रबंधन की वजह से दंगे और तनाव बढ़े। एटलस में सूखे की वजह से ऊर्जा, व्यापार और कृषि पर पड़ रहे असर को विस्तार से बताया गया है।

खतरनाक स्थिति में कई देशों के हालात

रिपोर्ट बताती है कि इटली की सबसे लंबी नदी पो इतिहास में एक महत्वपूर्ण परिवहन केंद्र रही है। इसने देश के उत्तरी हिस्से को औद्योगिक शक्ति के रूप में विकसित करने में मदद सहयोग है। अब यह भयंकर सूखे का सामना कर रही है। इसी अवधि के दौरान पुर्तगाल ने का 99 प्रतिशत हिस्सा गंभीर या अत्यधिक सूखे की स्थिति में है। रोमानिया का लगभग 75 फीसदी हिस्सा सूखे से प्रभावित है। देश की अनाज की फसल में 30 मिलियन टन की गिरावट आने का अनुमान है। इसी तरह अफ्रीका का हॉर्न 40 वर्षों से अधिक समय के सबसे खराब सूखे का सामना कर रहा है।

मुंबई बस हादसे में 7 की मौत, 49 घायल

MUMBAI : मुंबई के कुर्ला में बेस्ट की बस ने सोमवार रात कई लोगों को कुचल दिया। हादसे में अब तक 7 लोगों की मौत हो चुकी है। 49 घायलों का इलाज चल रहा है। इन्हें सायन और कुर्ला भाभा में भर्ती कराया गया है। हादसा कुर्ला पश्चिम रेलवे स्टेशन रोड पर अंबेडकर नगर में हुआ। बस कुर्ला स्टेशन से अंधेरी जा रही थी। बेस्ट की इन बसों का संचालन बृहन्नमुंबई म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन (बीएमसी) करता है। आरोपी ड्राइवर संजय मोरे सोमवार को पहली बार बस चला रहा था। वह 1 दिसंबर को ही कॉन्ट्रैक्ट ड्राइवर के रूप में बेस्ट में शामिल हुआ था। पुलिस ने आरोपी ड्राइवर को अरेस्ट कर लिया है। संजय पर गैरइरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को दिए बयान में उसने कबूल किया कि वह बस के ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन को लेकर कन्फ्यूज हो गया था। इधर, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मृतकों के आश्रितों को 5-5 लाख रुपये आर्थिक मदद दिए जाने की घोषणा की है।

इजरायल-अमेरिका पहले ही कर चुके हैं अटैक

सीरिया पर अब तुर्किये का हमला, मनबिज पर कब्जा

AGENCY NEW DELHI : सीरिया में असद सरकार के पतन के बाद दूसरे देशों के हमले तेज हो गए हैं। इजरायल ने सीरिया के दक्षिणी, अमेरिका ने मध्य और तुर्किये से जुड़े रिबेल फोर्स ने उत्तरी इलाके पर हमला किया है। रॉयटर्स के अनुसार, तुर्किये के रिबेल फोर्स ने सीरिया के उत्तरी इलाके मनबिज पर कब्जा कर लिया है। कुर्दिश सीरियन डेमोक्रेटिक फोर्स (एसएफडी) ने 2016 में आईएसआईएस को हराकर मनबिज पर कंट्रोल हासिल किया था। मनबिज में एसडीएफ की हार के बाद कुर्द लड़ाकों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए अमेरिका और तुर्किये के बीच समझौता हुआ था। इस बीच तुर्किये के राष्ट्रपति रेसेप एर्दोगन ने इस जीत पर कहा कि वे मनबिज से आतंकियों का सफाया होने से खुश हैं।

- दमिश्क में हथियारों के ठिकानों पर इजरायल के 100 से अधिक अटैक

BRIEF NEWS

विभिन्न पदों के लिए चयनित हुए 23 उम्मीदवार

SARAIKELA : जिला नियोजनालय में मंगलवार को जॉब कैंप लगाया गया, जिसमें विभिन्न पदों के लिए 23 उम्मीदवार चयनित हुए। जिला नियोजन पदाधिकारी आलोक कुमार टोपनो ने बताया कि टैलेंटनेक्सा सर्विसेज लिमिटेड व युवा शक्ति फाउंडेशन के अधिकारियों द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से फिटर, विएमसी ऑपरेटर, सीएनसी ऑपरेटर व मिग वेल्डर सहित अन्य पदों के लिए 23 अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया गया। उन्होंने रोजगार की तलाश कर रहे जिले के सभी व्यक्तियों से आह्वान किया कि भविष्य में भी रोजगार शिविर एवं रोजगार मेला में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें एवं रोजगार के अवसर प्राप्त करें।

लंबित मामलों में बरतें पारदर्शिता : आयुक्त

DHANBAD : उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के आयुक्त पवन कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला समाहरणालय में बैठक हुई, जिसमें आयुक्त ने पदाधिकारियों को भूमि हस्तांतरण व लीज संबंधी मामलों में पारदर्शिता बरतने का निर्देश दिया। आयुक्त ने ऑनलाइन कोर्ट मॉनिटरिंग सिस्टम द्वारा न्यायालयीय वादों के निष्पादन एवं लंबित मामलों की भी समीक्षा की। इस दौरान अंचल अधिकारी, भूमि सुधार उपसमाहर्ता, अवर निबंधक आदि से न्यायालय वादों के निष्पादन की प्रक्रिया और लंबित मामलों की जानकारी ली। उन्होंने लंबे समय से लंबित मामलों का जल्द निष्पादन करने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया। म्यूटेशन के लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए आयुक्त ने संबंधित अंचलाधिकारियों को तय समयसीमा में निष्पादन करने को कहा। आयुक्त ने राजस्व संग्रहण, सभी भू-अर्जन, भूमि हस्तांतरण व लीज बंदोबस्ती, कोयला खनन परियोजना, रेलवे के प्रोजेक्ट, गोमो फ्लाईओवर आदि के सभी प्रासंगिक दस्तावेजों और प्रक्रियाओं की उचित जांच करने को कहा, ताकि भूमि विवादों और शिकायतों से बचा जा सके। इस मौके पर उपायुक्त, अपर समाहर्ता, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, निबंधन पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी, भू-अर्जन से संबंधित सभी संबंधित विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कोल्हान स्तरीय पत्रकार सम्मान समारोह 15 को

JAMSHEDPUR : प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर की ओर से 15 दिसंबर को कोल्हान प्रमंडल स्तरीय पत्रकार सम्मान समारोह-2024 होने जा रहा है। पारडीह स्थित होटल एनएच हिल में आयोजित कार्यक्रम में कोल्हान स्तर पर पत्रकारिता के क्षेत्र से जुड़े वरिष्ठ पत्रकार, दिवंगत पत्रकारों के परिवार और वर्तमान में काम कर रहे पत्रकारों को उनके काम के आधार पर सम्मानित किया जाएगा। इसे लेकर मंगलवार को सर्किट हाउस में क्लब के अध्यक्ष संजीव भारद्वाज की अध्यक्षता में ऑफिस वियरर की बैठक हुई। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी महासचिव विकास श्रीवास्तव ने दी। बैठक में उपाध्यक्ष सुमित झा, राकेश सिंह, सहायक सचिव अमित तिवारी, वेद प्रकाश गुप्ता, कोषाध्यक्ष मनमन पांडेय, कार्यकारिणी सदस्य डॉ प्रमोद कुमार, कुमार मनीष व चंद्रशेखर शामिल थे। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि ओड़िशा के राज्यपाल रघुवर दास, विशिष्ट अतिथि झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन और सम्मानित अतिथि के तौर पर सांसद बिद्युत बरण महतो शामिल होंगे।

मां-बेटी को जूतों की माला पहनाने पर केस

BOKARO : गोमिया थानांतर्गत महावीर स्थान में किशोरी और उसकी मां के मुंह में कालिख पोतने के साथ जूतों की माला पहनाकर गांव में घुमाने के मामले में स्थानीय गोमिया थाना पुलिस ने 8 नामजद सहित 12 अज्ञात लोगों के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है। इसमें शंकर उर्फ चरका रविदास, विजय रविदास, राजकुमार रविदास, लालू रविदास, नूनू चंद रविदास, राजेश रविदास, चरकी देवी व ललकी देवी के साथ 12 अन्य अज्ञात हैं। इस मामले को लेकर एसपी मनोज स्वर्गियारी ने कहा है कि महिला और किशोरी का सामाजिक अपमान करना घोर निंदनीय घटना है। संबंधित थाने में केस दर्ज कर लिया गया है। घटना में जितने भी लोग आरोपित हैं, सबकी गिरफ़्तारी होगी। किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। पूरे घटनाक्रम के बाद दोनों पीड़िता को मंगलवार को बाल कल्याण समिति बोकारो लाया गया। समिति के अध्यक्ष शंकर रवानी ने कहा कि पीड़िताओं से पूछताछ करने और विधिवत प्रक्रिया के बाद किशोरी को उसकी नानी को सौंप दिया गया है। महिला को वापस घर भेज दिया गया है। मामले में दुष्कर्म और जान से मारने की धमकी जैसी, जो भी बात सामने आएगी, उसे केस डायरी में दर्ज कराया जाएगा। मामले को लेकर बाल कल्याण समिति ने संज्ञान लेते हुए पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश जारी किया था। थाना में दिए आवेदन में पीड़िता ने कहा था कि रविवार शाम को नामजद आरोपियों सहित अन्य लोग उसके घर आए और मारपीट करने के साथ गाली गलौज की।

छात्रों पर हुआ लाठीचार्ज दागे आंसू गैस के गोले

जेपीएससी और सीजीएल परीक्षा में गड़बड़ी के खिलाफ हुआ उग्र प्रदर्शन

PHOTON NEWS HAZARIBAG: जेपीएससी और सीजीएल परीक्षा में गड़बड़ी को लेकर हजारीबाग जिले के छात्रों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। शांतिपूर्ण तरीके से मटवारी गांधी मैदान से शुरू हुआ यह प्रदर्शन शाम ढलते ही हिंसक हो गया। भारत माता चौक के पास छात्रों ने प्रशासन पर पथराव किया, जिसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज और आंसू गैस का इस्तेमाल कर भीड़ को नियंत्रित किया। एसडीओ अशोक कुमार ने बताया कि छात्रों ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन का वादा किया था और दिन में ऐसा ही रहा। लेकिन शाम होते ही कुछ छात्रों ने पथराव और बदमाशी शुरू कर दी। स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया है और उपद्रव करने वालों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

सड़क पर छात्रों की पिटाई करते पुलिस के जवान

विधायक ने जताई नाराजगी

स्थानीय विधायक प्रदीप प्रसाद ने छात्रों का समर्थन करते हुए कहा कि झारखंड के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने राज्य सरकार और संबंधित विभागों को चेतावनी देते हुए कहा कि परीक्षा लीक जैसी समस्याओं को रोकने के लिए सख्त और प्रभावी कदम उठाने होंगे। उन्होंने सदन में इस मुद्दे को उठाने और छात्रों की जायज मांगों का समर्थन करने का आश्वासन दिया।

पूर्व नियोजित प्रदर्शन, पुलिस की निगरानी

छात्रों का यह प्रदर्शन पूर्व निर्धारित था, जो मटवारी गांधी मैदान से शुरू होकर जेपीएससी की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए सड़कों तक पहुंचा। पुलिस ने हर चौक-चौराहे पर नजर रखी और सीसीटीवी कैमरों से प्रदर्शन की मॉनिटरिंग की। इसके बावजूद, छात्र एनएच-33 पर पहुंचकर सड़क जाम करने और टायर जलाने जैसी हरकतें करने लगे। शाम में प्रदर्शन उग्र होने पर दोनों पक्षों में झड़प हुई, जिसमें छात्र और पुलिसकर्मी घायल होने की खबर है। स्थिति पर काबू पाने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया।

मामले की जानकारी देते पुलिस पदाधिकारी • फोटोन न्यूज

खूंटी में पीएलएफआई के दो उग्रवादी किए गए गिरफ्तार

KHUNTI : प्रतिबंधित संगठन पीएलएफआइ के दो सक्रिय उग्रवादियों को पुलिस ने कर्रा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये उग्रवादियों में पलसा कर्रा निवासी संदीप प्रमाणिक और रांची के इटकी थाना क्षेत्र के रानीडीह निवासी धनेश्वर महली शामिल है। इनके पास से पुलिस ने 72 हजार 500 रुपये नकद, एक स्कॉर्पियो और पांच मोबाइल फोन बरामद किये हैं। कर्रा थाना में मंगलवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी क्रिस्टोफर केरकेट्टा ने बताया कि गत दो दिसंबर को कर्रा थाना क्षेत्र के चंदापारा रेलवे क्रासिंग के अंडरपास पुलिया निर्माण स्थल पर पीएलएफआइ के उग्रवादियों ने आगजनी की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अमन कुमार के निर्देश पर एसडीपीओ तोरपा के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने सोमवार को कर्रा थाना के पलसा गांव में छापेमारी कर कुख्यात उग्रवादी संदीप प्रमाणिक को गिरफ्तार कर लिया। इसके निशानदेही पर ग्राम पलसा से ही एक अन्य उग्रवादी धनेश्वर महली उर्फ दाने उर्फ धनंजय को पकड़ा गया। उसके पास से पीएलएफआइ संगठन का पर्चा, लेवी के 72,500 रुपये नकद , एक स्कॉर्पियो, आठ जिंदा कारतूस और मोबाइल बरामद किये गये।

चुटूपालू घाटी में ट्रेलर पलटा ड्राइवर और खलासी की मौत

घटनास्थल पर पलटा ट्रेलर • फोटोन न्यूज

RAMGARH : रामगढ़ थाना क्षेत्र के चुटूपालू घाटी में मंगलवार को सरिया लदा एक ट्रेलर खाई में जा गिरा। इस हादसे में ट्रेलर के ड्राइवर और खलासी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। रामगढ़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि मंगलवार के सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर रांची की ओर से आ रहा सरिया लदा ट्रेलर अनियंत्रित हो गया। घाटी में अनियंत्रित गाड़ी को ड्राइवर संभाल नहीं सका और वह खाई में जा गिरा। इस दुर्घटना में ड्राइवर और खलासी दोनों ही क्षतिग्रस्त टेलर के मलबे से दब गए, जिनसे उनकी मौत हो गई। क्रेन की सहायता से मलबे को हटाया गया और दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। फिलहाल, ड्राइवर और खलासी की पहचान नहीं हो सकी है।

पाकुड़ के शिव-शीतला मंदिर में आभूषणों की चोरी

PAKUR : जिला मुख्यालय के प्रसिद्ध और ऐतिहासिक शिव-शीतला मंदिर में बदमाशों ने मां शाकम्बरी की मूर्ति पर चढ़ाए गए लाखों रुपये के आभूषणों पर हाथ साफ किया है। श्रद्धालु आज सुबह जब पूजा करने पहुंचे तो मंदिर में चोरी की जानकारी हुई। मंदिर के द्वार का ताला टूटा हुआ था और मूर्ति पर चढ़ाए गए चांदी के मुकुट, त्रिशूल सहित अन्य आभूषण गायब थे। इसके बाद मामले की सूचना श्रद्धालुओं ने नगर थाना पुलिस ने दी। पुरोहित वृजभूषण मिश्रा ने कहा कि चोरी किए गए सामानों में सोने का टीका, नथिया, चांदी का प्लेट, चरण पादुका, आसन, मोर सहित अन्य आभूषण शामिल हैं। उन्होंने कहा कि मंदिर में फिलहाल पुलिस ने प्रवेश पर रोक लगा दी है और एफएसएल टीम की जांच के बाद ही श्रद्धालुओं को मंदिर में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी।

शादी में जा रही बस पलटी 12 लोग हुए घायल, भर्ती

AGENCY HAZARIBAG : बिहार के सारण जिला के दिघवारा से रांची आ रही विक्रम नामक बस चरही घाटी के हत्यारी मोड़ के पास हादसे का शिकार हो गई। इसमें 12 लोग घायल हो गए, जिसमें चार की स्थिति गंभीर बनी हुई है। हादसा मंगलवार सुबह की है। मिली जानकारी के अनुसार हादसे के बाद मौके पर पुलिस पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल हजारीबाग ले जाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद कुछ लोगों को रिम्स रांची रेफर कर दिया गया है। अब तक मिली जानकारी के अनुसार सारण के दिघवारा के रहने वाले कामाख्या सिंह अपनी बेटी को लेकर शादी के लिए रांची जा रहे थे। शादी आज मंगलवार को ही होनी थी। बस में लगभग 60 लोग सवार थे। बताया जा रहा है कि बस चरही के हत्यारी मोड़ के पास अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई, जिसके कारण घटना घट गई। घायलों को मेडिकल कॉलेज हजारीबाग ले जाया गया।जबकि कई और घायलों को रिम्स भेजा गया है। हादसे में बस का कंडक्टर गंभीर रूप से घायल हो गया है। वहीं 22 वर्षीय सोनी सिंह के ठुड्डी में गहरी चोट लगी है,वहीं 12 वर्षीय प्रकाश कुमार के सिर में गहरी चोट लगी है। 55 वर्षीय उषा देवी का हजारीबाग में इलाज चल रहा है। हजारीबाग मेडिकल कॉलेज में इलाजरत पलक सिंह, ममता सिंह, सोनी सिंह, सुरभी सिंह, संजना देवी, रेखा सिंह, कश्मीर सिंह सहित कई का नाम शामिल है।

सड़क पर पलटी बस व जुटे लोग • फोटोन न्यूज

गांव के पुजारी की मौत के बाद ग्रामीणों में आक्रोश, अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे

AGENCY HAZARIBAG : जिला के केरेडारी प्रखंड के तारहेसा गांव में ग्रामीण देवता और मंदिर में पूजा-अर्चना करने वाले पुजारी नाया होरिल गंझू की मौत अचानक मंगलवार सुबह हो गई। इस घटना के बाद पूरे गांव में शोक और आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि वे कई दिनों से एनटीपीसी और बीजीआर कंपनी से मांग कर रहे थे कि गांव के मंदिर क्षेत्र में डोजरिंग न की जाए और वहां का रास्ता सुरक्षित रखा जाए।

उनकी मांगों को लगातार नजरअंदाज किया गया, जिससे ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। इसके अलावा, गांव में बढ़ते प्रदूषण को लेकर भी ग्रामीण लंबे समय से परेशान हैं। प्रदूषण के कारण गांव में विभिन्न बीमारियां फैल रही हैं, लेकिन कंपनी इस दिशा में कोई कदम नहीं उठा रही है। घटना के बाद नाराज ग्रामीणों ने कंपनी का काम पूरी तरह से बंद करा दिया है और अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए हैं। गांव के हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं और प्रशासन ने अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। ग्रामीणों ने बताया कि उपमहाप्रबंधक सुभाष प्रसाद गुप्ता,प्रबंधक शिव प्रसाद, एचआर रोहित पाल क्षेत्र में काफी मनमानी कर रहे हैं। कई बार हम लोगों ने इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों को दिया लेकिन अधिकारी एनटीपीसी के अधिकारियों से मिली भगत के कारण ग्रामीणों की बातों को अनसुना कर रहे है।

धरनास्थल पर जुटे लोग • फोटोन न्यूज

पिकअप और बाइक की टक्कर में एक की मौत, दो घायल

DUMKA : कड़कड़ाती ठंड और घने कोहरे के बीच मंगलवार को दुमका-देवघर मुख्य पथ भेलवा मोड़ के पास एक सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गयी। जिले के तालझारी थाना क्षेत्र में बाइक और पिकअप के बीच घटित इस जोरदार भिड़ंत में यह घटना घटी। वहीं दुर्घटना में अन्य दो गंभीर रूप से घायल हो गए। सड़क हादसे में मौत का शिकार हुए व्यक्ति की पहचान मोती मियां के रूप में की गयी है। जबकि घायलों की पहचान समसुल मंसूरी और फिरोज मंसूरी के रूप में हुई है। मृतक और घायल तालझारी थाना के गेंडी का निवासी बताया जा रहा है। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जरमुंडी पहुंचाया गया। जहां डॉ पूनम बारला ने गंभीर रूप से जख्मी दोनों व्यक्तियों का प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं मृतक मोती मियां को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया ।

रक्तदान के प्रति ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता जरूरी: डॉ मांझी

रक्तदाताओं को सम्मानित करते पदाधिकारी • फोटोन न्यूज

KHUNTI : रेड क्रॉस सोसाइटी और सदर अस्पताल खूंटी के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को तोरपा प्रखंड परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्वास्थ्यकर्मी विनेश कुमार, शिक्षक राकेश कुमार और रंजीत केशरी, भाजयुमो के नीरज जयसवाल सहित 30 लोगों ने रक्तदान किया। इसके पूर्व सिविल सर्जन डॉ नागेश्वर मांझी, तोरपा के प्रखंड विकास पदाधिकारी नवीन चंद्र झा और अंचलाधिकारी पूजा बिन्हा ने शिविर का विधिवत उद्घाटन किया। मौके पर सिविल सर्जन ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में रक्तदान शिविर के आयोजन का उद्देश्य रक्तदान के प्रति लोगों में जागरूकता लाना है और जिले में खून की कमी को पूरा करना है। उन्होंने कहा कि आज भी रक्तदान को लेकर लोगों में कई तरह की भ्रांतियां हैं। लोगों को लगता है कि खून देने से शारीरिक कमजोरी आयेगी और सेहत पर इसका कुप्रभाव पड़ेगा, लेकिन ठीक इसके विपरीत रक्तदान से हमारा शरीर और सेहतमंद हो जाता है।

धान खरीद में धांधली कर रहे बिचौलियों को बनाया बंधक

- बोकारो जिला के गोमिया का मामला, सरकारी दर से 750 रुपये कम में खरीद रहा था

BOKARO : सरकारी स्तर पर 15 दिसंबर से धान खरीद शुरू होने के पहले ग्रामीण क्षेत्रों में बिचौलिए किसानों से मनमाने दाम पर धान खरीद रहे हैं। मंगलवार को गोमिया प्रखंड के लोधी पंचायत अंतर्गत पेजुआ गांव में बिचौलियों द्वारा सरकारी मूल्य से कम में खरीदने के साथ वजन में भी भारी हेरफेर करने का मामला सामने आया है। इसे लेकर खूब हंगामा हुआ और ग्रामीणों ने तीन बिचौलियों को बंधक बनाकर पुलिस के हवाले कर दिया। बिचौलिए सरकारी दर 2400 रुपये से 750 रुपये कम यानी 1670 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीद रहे थे, इसके साथ प्रति क्विंटल 24 किलो तक की घालमेल कर रहे थे। किसानों ने शक के आधार पर दोबारा वजन कराया, तो हेराफेरी पकड़ी गई। इसके बाद किसानों का आक्रोश बढ़ा और जमकर बवाल काटा। मौका देख एक बिचौलिया फरार हो गया लेकिन तीन पकड़े गए। घटना की सूचना पर पहुंची चतरोचट्टी थाना पुलिस ने धान लदा पिकअप वैन सहित तीन बिचौलियों को पकड़कर थाना ले गई। किसान महेश साव ने बताया कि 1670 रुपये प्रति क्विंटल धान खरीदने का रेट तय किया गया था। बिचौलिए अपने साथ मशीन लाए थे। उसका 34 बोरा धान हुआ, जिसका 17 क्विंटल वजन किया गया और बिचौलियों ने अपने वाहन में लोड कर लिया। किसान को संदेह हुआ तो पड़ोस के एक दुकानदार से वजन करने की मशीन मंगाई। एक बोरा धान का वजन किया तो पाया कि इसमें 24 किलो धान ज्यादा था। इस हिसाब से कुल मिलाकर लगभग चार क्विंटल से ज्यादा धान की हेराफेरी की गई थी।

अंतरराष्ट्रीय पिकनिक स्पॉट बना कौलेश्वरी पर्वत, नववर्ष पर आते हैं बेशुमार सैलानी

विदेशी पर्यटकों को भी खूब लुभाती है यहां की प्राकृतिक खूबसूरती

AGENCY CHATRA: नव वर्ष का आगमन और पुराने साल की विदाई के मौके पर चतरा जिले के हंटरगंज प्रखंड के विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थली व धार्मिक पर्यटन स्थल कौलेश्वरी पहाड़ अंतर्राष्ट्रीय पिकनिक स्पॉट के रूप में शुमार है। यह जगह झारखंड और बिहार के सीमांत क्षेत्र में है। यहां जापान, चाइना, श्रीलंका, अमेरिका, भूटान, नेपाल, तिब्बत, कनाडा, सहित विभिन्न देशो से हजारो की संख्या में पर्यटकों का आगमन होता है। इस दौरान पूरा पर्वत विश्व के कई देशों के पर्यटकों से गुलजार होता है। पहाड़ में लोग पिकनिक का लुत्फ उठाते हैं। अलग-अलग देशो से आए पर्यटक एक दूसरे को अपने-अपने देशों के व्यंजन खिलाकर उनका स्वागत करते हैं। इस दौरान पूरा पहाड़ देशी और विदेशी व्यंजनो की खुशबू से महक उठता है।

कौलेश्वरी मंदिर का प्रवेशद्वार व पहाड़ की प्राकृतिक छटा • फोटोन न्यूज

कौलेश्वरी पर्वत पर मां कौलेश्वरी का प्रसिद्ध मंदिर है। यहां शारदीय और वासंतिक नवरात्रों में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ती है। देश-विदेश से श्रद्धालु यहां आ कर मां की साधना करते हैं। तो वहीं नए वर्ष के आगमन पर पर्यटक यहां पहुंचकर प्रकृति का आनंद उठाते हैं। यह स्थल तीन धर्मों का संगम स्थली भी है। सनातन धर्म के साथ-साथ यहां बौद्ध और जैन धर्मावलंबी भी पहुंचते हैं।

दो हजार फीट की उंचाई पर स्थित सरोवर आगंतुकों को करता है आकर्षित : कौलश्वरी पहाड़ के सबसे उपर लगभग 2000 फिट पर स्थित सरोवर देशी समेत विदेशी पर्यटकों को काफी आकर्षित करता है। इतने उंचाई पर स्थित सरोवर में फोटो खिंचवाने और सेल्फी के लिए स्थानीय सैलानियों के साथ विदेशी पर्यटको का हुजूम उमड़ पड़ता है। वहीं पहाड़ पर स्थित विशाल गुफाएं विदेशी पर्यटकों के लिए किसी आशियाने से कम नही होता। गुफाओ में विदेशी पर्यटक ठहरते हैं और इस अदभुत दृश्य को अपने कैमरे में कैद कर अपने देश ले जाते हैं। पहाड़ पर स्थित भीम गुफा, मंडवा मंड़इ, बाणगंगा, भीम पहाड़ सहित दर्जनो प्राचीन स्थलों पर जाकर अपना समय व्यतीत करते हैं।

पहाड़ के शिखर पर करते नए साल का स्वागत

कौलेश्वरी पर्वत के सबसे उंचे शिखर आकाश लोचन पर चढ़कर विदेशी और स्थानीय पर्यटक नए साल का स्वागत करते हैं और अपने अपने देश का झंडा लगाकर नए साल को यादगार बनाते हैं। नए साल के आगमन और विदेशी पर्यटकों के कौलेश्वरी पहाड़ आने पर स्थानीय लोगों को रोजगार मिलता है।

यहां आज भी छिपे कई रहस्य

कौलेश्वरी पर्वत पर आज भी कई रहस्य छुपे हुए हैं। जिसका उद्भेदन इस वैज्ञानिक युग में भी नहीं हो पाया है। यहां का अकाश लोचन और भीम गुफा काफी रमणिका स्थल है। भीम गुफा में कई रहस्य आज भी दबे हुए हैं। लगभग 2000 फीट की ऊंचाई पर पहाड़ के अंतिम शिखर पर स्थित सरोवर भी रहस्यों से भरा हुआ है। यह सरोवर गर्मी, बरसात, शरद कभी भी नहीं सुखता है। पहाड़ पर पहुंचने वाले आगंतुक सरोवर की शीतल जल से स्नान करना नहीं भूलते।

प्रसिद्ध निरंजना नदी के तट पर बसा

जिले का विश्व प्रसिद्ध कौलेश्वरी पहाड़ उत्तरवाहिनी निरंजना नदी के तट पर बसा हुआ है। नीरजना बिहार के गया में जाकर फल्गु नदी के नाम से प्रसिद्ध है। यह मोक्षदायिनी नदी है। कौलेश्वरी पर्वत पर पहुंचने वाले लोग एक बार निरंजना के दीदार के लिए जरूर पहुंचते हैं।

अज्ञातवास में पहुंचे थे पांडव

किदवंती है कि महाभारत काल में अज्ञातवास के समय पांडव यहां समय गुजारे थे। इसके कई निशान पर्वत पर आज भी मौजूद है। भीम गुफा को महाभारत काल से ही जोड़कर देखा जाता है।

BRIEF NEWS

हेमंत और कल्पना से मिले सांसद नलिन

RANCHI : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी विधायक पत्नी कल्पना सोरेन से मंगलवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में सांसद नलिन सोरेन तथा उनके परिजनों ने मुलाकात की। साथ ही उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

किसी तरह का अन्याय बर्दाश्त नहीं : मंत्री इरफान

RANCHI : राज्य के प्राइवेट नर्सिंग होम, हॉस्पिटल और डायग्नोस्टिक सेंटरों की मनमानी पर रोक लगाने की कवायद शुरू कर दी गई है। इस संस्थाओं को कंट्रोल करने के लिए स्टेट लेवल पर नियामक संस्था का गठन किया जाएगा। इसका ऐलान राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत में की है। उन्होंने कहा कि नियामक संस्था आम नागरिकों के हितों की सुरक्षा के साथ स्वास्थ्य सेवाओं की निगरानी भी करेगी। उन्होंने जोर देकर कहा है कि आम लोगों के हितों के साथ किसी तरह का अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

सदर हॉस्पिटल में लगा रक्तदान शिविर

RANCHI : मंगलवार को विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर स्वैच्छिक रक्तदान संगठन लहू बोलेगा संस्था ने रक्तदान शिविर लगाया। रांची के सदर अस्पताल ब्लड बैंक में शिविर सुबह 11 बजे से लेकर दोपहर 3 बजे तक चला। शिविर का का उद्घाटन मौलाना डॉ. ओबैदुल्लाह कासमी (खातिब रांची, मौलाना आजाद कॉलेज) और मौलाना तहजीबुल हसन रिजवी (झारखंड वक्फ बोर्ड, जफरिया मस्जिद रांची) द्वारा किया गया। रक्तदान शिविर में 5 लोगों ने रक्तदान किया। इस दौरान लहू बोलेगा ने 4 नियमित रक्तदाताओं को मेडल देकर सम्मानित किया। अंतरराष्ट्रीय संगठन मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण संरक्षण झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष वारिस पठान, उपाध्यक्ष सरदार परमजीत सिंह चाना, अधिवक्ता अजय कुमार सिंह और मीना कच्छप ने लहू बोलेगा के संस्थापक नदीम खान, सिविल सर्जन रांची डॉ. प्रभात कुमार और सर्जन डॉ. सैद अलमस को सम्मानित किया।

बुनियादी सुविधा नहीं मिलने से धरने पर लाभुक

RANCHI : प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी में धुर्वा पंचमुखी मंदिर के पास लाइट हाउस प्रोजेक्ट के तहत बेघरों के लिए 1008 आवासों का निर्माण किया गया है। इस लाइट हाउस का 10 मार्च 2024 को पीएम नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल उद्घाटन किया था। अब तक लगभग 150 परिवार लाइट हाउस में शिफ्ट कर चुके है। यहां के लाभुक बुनियादी सुविधाओं और कंस्ट्रक्शन क्वालिटी को लेकर लगातार शिकायत करते है। इसी कड़ी में मंगलवार को अ 611 निवासी संजय रजा धरने पर बैठ गए। उनका कहना था कि जो उन्हें जो सपने दिखाए गए थे उसे पूरा नहीं किया गया है।

उपायुक्त के औचक निरीक्षण के दौरान ड्यूटी से गायब मिले अंचलाधिकारी

कांके सीओ को डीसी ने जारी किया शो-कॉज नोटिस, वेतन पर भी रोक

अनुपस्थित रहने वाले कई अन्य कर्मचारियों पर भी होगी कार्रवाई

बायोमीट्रिक अटेंडेंस की जांच की, जनता की समस्याओं पर दिखे गंभीर

PHOTON NEWS RANCHI : मंगलवार को उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने कांके प्रखंड और अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पदाधिकारियों और कर्मियों की उपस्थिति की जांच की। अंचल अधिकारी जय कुमार ड्यूटी पर नहीं मिले। उपायुक्त ने उन्हें शो-कॉज नोटिस जारी करते हुए उनका वेतन रोकने का निर्देश दिया। इसके साथ ही कांके अंचल के अमीन रामलाल महतो के 9 और 10 दिसंबर 2024 को हेहल अंचल में कार्य करने को लेकर सत्यापन करने को भी कहा। इसके अलावा उन्होंने अनुपस्थित पाए गए कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने बायोमीट्रिक अटेंडेंस सिस्टम से सभी कर्मियों की उपस्थिति की जांच की। उन्होंने बीडीओ को अनधिकृत रूप से कार्यालय में उपस्थित रहने वाले कर्मियों पर नियमानुसार कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया।

अंचल कार्यालय में कर्मियों को निर्देश देते उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री। • फोटोन न्यूज

जन समस्याओं का करें समाधान

उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने कार्यों को समयबद्ध करें, ताकि आमजन को बार-बार कार्यालय के चक्कर न काटना पड़े। उन्होंने यह भी कहा कि सभी पेंडिंग मामलों का शीघ्र निपटारा किया जाए। विशेषकर म्यूटेशन और अबुआ आवास से संबंधित मामलों में तेजी लाने की जरूरत है। बढ़ती ठंड को देखते हुए कांके प्रखंड के प्रमुख स्थानों पर अलाव की समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया।

समय पर आएं कर्मचारी

डीसी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कांके का भी निरीक्षण किया। उन्होंने सभी चिकित्सकों और कर्मचारियों को समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके अलावा एंबुलेंस की स्थिति, साफ-सफाई और आवश्यक मेडिकल सुविधाओं की भी जांच की। उपायुक्त ने प्रखंड और अंचल कार्यालय परिसर की समुचित साफ-सफाई का भी निर्देश दिया। उन्होंने वहां पानी, बिजली, शौचालय, सोलर सिस्टम का भी जायजा लिया।

अवैध बालू लदे कई वाहनों को किया जब्त

RANCHI : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आदेश के बाद जिला प्रशासन अवैध खनन पर रोक लगाने को लेकर एक्शन मोड में गया है। रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने जिला खनन पदाधिकारी को कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। जिला खनन पदाधिकारी और माइनिंग इंस्पेक्टर ने नामकुम और अनगड़ा थाना क्षेत्रों में अवैध रूप से बालू उठाव को लेकर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कई अवैध बालू लदी गाड़ियां पकड़ी। गश्ती के दौरान नामकुम और अनगड़ा क्षेत्र में बालू लदी टर्बो गाड़ियों को पकड़ा गया। हालांकि अधिकारियों को देखने के बाद ड्राइवर वाहन छोड़कर मौके से भाग गए। चेकिंग के दौरान वाहनों में कोई वैध कागजात नहीं पाया गया। इन वाहनों को जब्त कर पुलिस के हवाले कर दिया गया है। इसके अलावा अनगड़ा से रांची की ओर जा रहे अन्य अवैध बालू लदे वाहनों को भी रोका गया।

सिरमटोली फ्लाईओवर निर्माण कार्य को लेकर कैंसिल की गई कई ट्रेनें

PHOTON NEWS RANCHI : राजधानी के लोगों को जल्द ही सिरमटोली फ्लाईओवर का तोहफा मिलने वाला है। इसके निर्माण का कार्य अंतिम रूप ले रहा है। रांची रेलवे स्टेशन के पास रेल लाइन के ऊपर ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है। एजेंसी ने निर्माण को लेकर पहले भी रेलवे से ब्लॉक मांगा था। अब दूसरे चरण में एक बार फिर रेलवे ने ब्लॉक के लिए अनुमति दी है। रांची रेल मंडल के अनुसार, चार लेन वाले सिरमटोली सड़क सह रेल ऊपरी पुल निर्माण कार्य के लिए ब्लॉक लिया जाएगा। इस दौरान रांची से होकर चलने वाली करीब डेढ़ दर्जन ट्रेनें प्रभावित रहेंगी।

• रांची रेलवे स्टेशन के पास रेल लाइन के ऊपर किया जा रहा ब्रिज का निर्माण

इन ट्रेनों को किया गया कैंसिल

- 18612 वाराणसी-रांची एक्सप्रेस कब तक रद्द रहेगी 15, 21 व 22 दिसंबर तक रद्द रहेगी।
- 18611 रांची-वाराणसी एक्सप्रेस 16, 20 व 21 दिसंबर तक रद्द रहेगी।
- 18312 वाराणसी-विशाखापत्तनम एक्सप्रेस 23 दिसंबर तक रद्द रहेगी।
- 18311 विशाखापत्तनम वाराणसी एक्सप्रेस 22 दिसंबर तक रद्द रहेगी।
- 18602/18601 हटिया-टाटानगर-हटिया एक्सप्रेस 16 से 26 दिसंबर तक रद्द रहेगी।
- 18628/18627 रांची-हावड़ा-रांची एक्सप्रेस 16 व 22 दिसंबर तक रद्द रहेगी।
- 08196/08195 हटिया-टाटानगर-हटिया मेमू 16 व 19 से 22 तक रद्द रहेगी।
- 08607/08608 हटिया-सांकी-हटिया मेमू 16 से 26 दिसंबर तक रद्द रहेगी।
- 08617/08618 हटिया-सांकी-हटिया मेमू 16 से 26 दिसंबर तक रद्द रहेगी।
- 18036/18035 हटिया-खड़गपुर-हटिया एक्सप्रेस 16 से 26 दिसंबर तक रद्द रहेगी।
- 18175/18176 हटिया-झारसुगुड़ा-हटिया एक्सप्रेस 16 से 26 दिसंबर तक रद्द रहेगी।
- 08696/08695 रांची-बोकारो स्टील सिटी-रांची मेमू 16 और 18 से 22 दिसंबर तक कैंसिल रहेगी।

सदन में जमकर गरजे जयराम महतो, सीजीएल का उठाया मुद्दा

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड के छठे विधानसभा का पहला सत्र चल रहा है। सोमवार को सभी विधायकों ने शपथ ली और आज मंगलवार को विधानसभा अध्यक्ष के तौर पर नाला विधायक रवींद्र नाथ महतो को चुन लिया गया। वहीं अपने बयानों और तेवर से चर्चा में रहने वाले नवनिर्वाचित विधायक जयराम महतो ने विधानसभा में अपने पहले भाषण में राज्य का ज्वलंत मुद्दा उठाया। जयराम ने झारखंड सीजीएल परीक्षा के अभ्यर्थियों का मुद्दा उठाया। जयराम महतो ने सदन में सीजीएल के मुद्दे उठाते हुए बोला कि उन्होंने छात्र आंदोलन के माध्यम से पहचान बनाई। जयराम ने आगे कहा कि झारखंड के लाखों

अभ्यर्थी सड़कों पर हैं। उन्होंने सीएम हेमंत सोरेन से कहा कि वह सदन से बाहर आकर उन अभ्यर्थियों से मिलें। वो आपके ही बच्चे हैं। सीएम हेमंत उन्हें संतुष्ट करें और उनकी बातों को सुनें। जयराम ने सीएम हेमंत को बच्चों से मिलकर समस्या का निदान करने को कहा। विधानसभा में घुसने से पहले पत्रकारों से जयराम से सीजीएल परीक्षार्थियों को लेकर सवाल पूछा तो उन्होंने कहा कि निर्सदेह सीजीएल के मुद्दों को रखेंगे। जयराम ने इस दौरान अफ्रीकी देश कैमरून में फंसे मजदूरों का भी मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि राज्य के 45 मजदूर कैमरून में फंसे हैं। उनकी सकुशल वापसी की मांग की है। जयराम नवनियुक्त विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो को धन्यवाद देने के लिए खड़े हुए थे और इस दौरान इन मुद्दों को उठाया। सोमवार से शुरू हुए विधानसभा सत्र के दौरान जयराम ने जमकर सुर्खियां बटोरी। अपने कपड़े से लेकर विधानसभा को प्रणाम करने तक उनकी चर्चा होती रही। जयराम आज भी नंगे पांव विधानसभा पहुंचे थे।

रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन सहित नौ आरोपियों की हिरासत अवधि बढ़ी

RANCHI : सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की फर्जी तरीके से खरीद-बिक्री करने से जुड़े मामले में जेल में बंद रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन सहित नौ आरोपियों की हिरासत अवधि धन-शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) कोर्ट ने बढ़ा दी है। इससे पूर्व मामले में जेल में बंद नौ आरोपितों को कोर्ट में मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश किया गया। अदालत ने छवि रंजन, कोलकाता कारोबारी अमित अग्रवाल, बड़गाई अंचल के तत्कालीन राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन दलाल अफसर अली उर्फ अफ्सू खान, डोरंडा के मनी टोला का निवासी इम्तियाज अहमद, बड़गाईं निवासी मो. सद्दाम हुसैन, तल्हा खान एवं फैयाज अहमद की हिरासत अवधि बढ़ा दी है।

विकास की राह में खड़े अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं को पहुंचाना प्राथमिकता : मंत्री

PHOTON NEWS RANCHI : अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री चमरा लिंडा ने मंगलवार को मोरहाबादी स्थित कल्याण कॉम्प्लेक्स कार्यालय का भ्रमण किया। मौके पर आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा सहित अन्य अधिकारियों ने उनका अभिवादन किया। लिंडा ने कल्याण परिसर के सभी कार्यालयों के सभी कर्मियों से परिचय लिया तथा विभाग के जरिये संचालित सभी योजनाओं के अद्यतन कार्य प्रगति की जानकारी ली। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के जरिये संचालित सभी योजनाओं का लाभ विकास की राह में खड़े अंतिम व्यक्ति तक

मंत्री चमरा लिंडा। • फोटोन न्यूज

पहुंचाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं का लाभ ससमय पूरी पारदर्शिता के साथ लाभुकों तक पहुंचे। इस निमित्त प्रतिबद्धता के साथ कार्यों का संपादन करें। सभी प्रकार की छात्रवृत्ति राशि का वितरण, साइकिल वितरण, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन सहित विभाग के जरिये चलाए जा रहे अन्य महत्वाकांक्षी योजनाओं का पूर्ण लाभ पात्र गरीब जरूरतमंद लोगों तक पहुंचे यह हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि राज्य के भीतर अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के बच्चों को भी हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का समान अवसर प्रदान करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इस अवसर पर राज्य के आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा, प्रबन्ध निदेशक नेलसम बागे, प्रबन्ध निदेशक सुधीर बारा, टी आर आई से उपनिदेशक मोनिका टूटी सहित अन्य अधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

पंच प्रण थीम पर राष्ट्रीय युवा महोत्सव 14 से, तैयारियां पूरी

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड खेल एवं युवा कार्य विभाग की ओर से आगामी 14 दिसंबर से पंच प्रण थीम पर राष्ट्रीय युवा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव की तैयारियां पूरी कर ली गयी है। रांची के ऑड्रे हाउस में 14 दिसंबर को जिला स्तरीय और 16 दिसंबर को प्रमंडल स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। इस महोत्सव में कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा, जिनमें सामूहिक लोकनृत्य, सामूहिक लोकगीत, एकल लोकनृत्य, एकल लोकगीत, चित्रकला, भाषण, विज्ञान मेला (एकल), कहानी लेखन, कविता लेखन, विज्ञान मेला (सामूहिक), फोटोग्राफी शामिल हैं। राष्ट्रीय युवा महोत्सव में आयोजित होने वाली

प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रतिभागियों को 12 दिसंबर तक विकास भवन स्थित जिला खेल कार्यालय में रजिस्ट्रेशन कराना होगा। इसके अलावा प्रतिभागियों को पंजीकृत कराना होगा। प्रतिभागी की उम्र कम से कम 15 और अधिकतम 29 वर्ष होनी चाहिए। जिला स्तर पर चयनित विजेता प्रमंडल स्तर पर भाग ले सकते हैं। बता दें कि राष्ट्रीय युवा महोत्सव रांची में एक नई ऊर्जा और उत्साह लेकर आया है। यह महोत्सव युवाओं को एक मंच प्रदान करता है।

बीएयू ने रिसर्च प्रोजेक्ट के तहत बकरियों का किया टीकाकरण

RANCHI : बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में आईसीएआर के सहयोग से चल रही बकरी संबंधी अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना के तहत पूर्वी सिंहभूम जिला के बारांकी में पेस्टेरोटोक्सीमिया रोग से बचाव के लिए 454 बकरियों का टीकाकरण किया। इस दौरान किसान गोष्ठी में बकरीपालकों को आधुनिक बकरी पालन की तकनीकी जानकारी दी गई। बकरी क्षेत्र में विकास दर के मामले में देश में झारखंड पश्चिम बंगाल के बाद दूसरा राज्य है। यहां पिछले 5 वर्षों के दौरान इस क्षेत्र में लगभग 39% का विकास रहा। झारखंड में इस काम में ज्यादातर महिलाएं जुड़ी हैं, जिन्हें इस सेक्टर के विकास से आर्थिक रूप से ज्यादा सशक्त बनाया जा सकता है।

लकड़ी पुल के पास नाले में मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

PHOTON NEWS RANCHI : राजधानी रांची के हिंदपीढ़ी मोजाहिद नगर लकड़ी पुल के पास नाले में एक युवक का शव मिला है। शव मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई और लोगों की भीड़ जुट गई। लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। युवक की पहचान हिंदपीढ़ी के निजाम नगर निवासी मो. रिजवान (22 वर्ष) के रूप में की गई है। पुलिस मामले में हत्या और हादसा दोनों बिंदुओं पर जांच कर रही है। मामले को लेकर कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर ही आगे की कार्रवाई

की जाएगी। वहीं शव बरामद होने के बाद मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंचे। परिजनों ने पुलिस को बताया कि मो. रिजवान पिछले पांच दिनों से घर नहीं आ रहा था। वह नाले के पास ही रहता था। वहीं पुलिस मृतक के परिजनों से पूछताछ कर रही है कि आखिर किस वजह से वह घर नहीं आ रहा था। परिजनों का कहना है कि रिजवान छोटी-मोटी नौकरी करता था, कभी ड्राइवर का काम करता था तो कभी बिजली मिस्त्री का। किसी तरह वह अपनी रोजी-रोटी चलाता था। वहीं मामले में कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि पुलिस विभिन्न बिंदुओं पर मामले की जांच कर रही है। साथ ही परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

बार काउंसिल ने जिला एसोसिएशन से मांगे 50 रुपये प्रति वकालतनामा

RANCHI : झारखंड स्टेट बार काउंसिल (जेएसबीसी) द्वारा जिला बार एसोसिएशन को प्रति वकालतनामा में 50 रुपए काउंसिल के लिए इकट्ठा करने के आदेश को लेकर किचकिच शुरू हो गयी है। स्टेट बार काउंसिल के सदस्य मनोज सिंह ने काउंसिल की ओर से वकालतनामा में 50 रुपए का इजाफा करने के आदेश पर अपना विरोध जाहिर करते हुए जेएसबीसी को पत्र लिखा है। काउंसिल अध्यक्ष को लिखे गये अपने पत्र में उन्होंने कहा है कि जिला बार एसोसिएशन से प्रत्येक वकालतनामा में काउंसिल के लिए 50 रुपए इकट्ठा करने का आदेश नियमसंगत नहीं है। इससे वित्तीय अनियमितता होने की आशंका है। साथ ही इससे जिला बार एसोसिएशन के साथ-साथ आम लोगों पर भी बोझ पड़ेगा।

सुविधा : राजधानी के दूसरे बड़े सरकारी हॉस्पिटल में सस्ती दर पर मरीजों की हो रही जांच

सिर्फ 16 में ईसीजी और 70 रुपये में कराइए एक्सरे

PHOTON NEWS RANCHI : राजधानी के दूसरे सबसे बड़े सरकारी हॉस्पिटल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने के दावे किए जा रहे है। सुविधाओं में भी लगातार बढ़ोतरी की जा रही है। यहीं वजह है कि यहां पर मरीजों की भीड़ बढ़ गई है। लेकिन, क्या आप ये जानते है कि इस हॉस्पिटल में मात्र 16 रुपए में ईसीजी किया जाता है। 70 रुपये में मरीजों का एक्सरे किया जा रहा है। इतना ही नहीं 180 रुपये में अल्ट्रासाउंड किया जा रहा है। कहने को तो सदर हॉस्पिटल में मामूली दर पर मरीजों की जांच से बड़ी राहत मिल रही है। सदर हॉस्पिटल में की

सुपरस्पेशियलिटी विभाग शुरू हो चुके है। इसमें कार्डियोलॉजी, ऑकोलॉजी, आब्स एंड गायनी, पेडियाट्रिक वार्ड, जेरियाट्रिक वार्ड, डेंटल, सर्जरी के अलावा कई अन्य विभाग भी है। इन विभागों में आए दिन मरीज इलाज के लिए आ रहे हैं। कुछ विभागों में तो मरीजों का आंकड़ा हजारों में है। इन मरीजों को भी जांच कराने में ज्यादा पैसे खर्च नहीं करने पड़ते।

कुछ जरूरी टेस्ट की रेट चार्ट (रुपये में)

चेस्ट पीए	70	राइट थाई एपी एंड लैट	140	टीएमटी	400
चेस्ट एपी	70	लेफ्ट थाई एपी एंड लैट	140	रूम रेंट शेयरिंग	500
चेस्ट लैट	70	राइट थाई एपी	70	रूम रेंट	1000
चेस्ट ओबीएल	70	लेफ्ट थाई एपी	70	एक दांत निकालना	80
राइट हैंड एपी एंड ओबीएल	140	राइट थाई लैट	70	रूट कैनाल ट्रीटमेंट प्रति दांत	500
लेफ्ट रिस्ट एंड ओबीएल	140	लेफ्ट थाई लैट	70	मेटल क्राउन प्रति यूनिट	500
राइट रिस्ट एंड ओबीएल	140	राइट नी एपी एंड लैट	140	यूएसजी लोअर एबडोमेन	180
लेफ्ट रिस्ट एपी एंड ओबीएल	140	लेफ्ट नी एपी एंड लैट	140	यूएसजी अपर एबडोमेन	180
राइट रिस्ट एपी एंड ओबीएल	140	बोथ नी एपी एंड लैट	210	यूएसजी होल एबडोमेन	180
राइट फोर आर्म एंड लैट	140	बोथ नी एपी लैट एंड स्काइलीन	280	ब्लड ग्रुप	15
लेफ्ट फोर आर्म एंड लैट	140	राइट लेग एपी एंड लैट	140	एचबीएस एजी	90
लेफ्ट एल्बो एपी एंड लैट	140	लेफ्ट लेग एपी एंड लैट	140	आरए फैक्टर	23
राइट आर्म एपी एंड लैट	140	केयूबी	70	रएस स्टूल	20
सी स्पाइन एपी एंड लैट	140	एबडोमेन इरेक्ट	70	स्टूल आक्यूट ब्लड	10
डी एल स्पाइन एंड लैट	140	एबडोमेन एपी एंड लॉ	140	यूरीन सी एंड एस	20
एल एस स्पाइन एपी एंड लैट	140	स्कल एपी	70	वीडीआरएल	100
पेल्विस एपी	70	स्कल एपीड एंड लैट	140	हेपेटाइटिस	200
पेल्विस लैट	70	ईसीजी	16	विडाल टेस्ट	20

जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा की हो सीबीआई जांच : बाबूलाल मरांडी

RANCHI : भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने फिर एक बार राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि जेएसएससी-सीजीएल के परिणाम में कई विसंगतियां पाई गई हैं। लगातार सीरियल क्रम से अभ्यर्थियों के उत्तीर्ण होने के बाद परीक्षार्थियों के मन में सीजीएल परीक्षा में गड़बड़ी की शंका और गहरी हो चुकी है। मरांडी मंगलवार को सदन के बाहर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लाखों छात्र आरोप लगा रहे हैं कि परीक्षा में सीट बेचने का आरोप लगा रहे हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से निवेदन करते हुए कहा कि छात्रों की संतुष्टि के लिए जेएसएससी सीजीएल परीक्षा की पूरी प्रक्रिया की सीबीआई जांच कराएं।

राज्य में बढ़ी ठंड, अगले पांच दिनों तक नहीं होगी बारिश

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड में हुई बारिश के बाद ठंड काफी बढ़ गयी है। रांची सहित अन्य जिलों में मंगलवार सुबह घना कोहरा देखा गया। मौसम विभाग के अनुसार, झारखंड में फिलहाल बारिश नहीं होगी। अगले पांच दिनों तक बारिश के आसार नहीं हैं। मौसम विभाग ने राज्य के पलामू और गढ़वा सहित 14 जिलों में घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है। इनमें गढ़वा, पलामू, चतरा, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, देवघर, दुमका, गोड्डा, साहिबगंज, पाकुड़, सरायकेला-खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम और पूर्वी सिंहभूम शामिल हैं। इस संबंध में रांची मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने मंगलवार को

बताया कि अगले तीन दिनों में अधिकतम तापमान में तीन से पांच डिग्री की गिरावट आएगी। इस वजह से लोगों को ठंड का सामना करना पड़ेगा। तापमान में गिरावट के बाद दो दिन तक न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव देखने को नहीं मिलेगा। उन्होंने बताया कि झारखंड में अगले पांच दिनों तक बारिश के आसार नहीं हैं। उन्होंने कोहरे में सुबह में लोगों से सावधानी के साथ घर से बाहर निकलने को कहा है।

दो बहनों की हत्या का हुआ खुलासा सेवानिवृत्त आरपीएफ जवान धराया

उधार पैसे मांगने पर आरोपी ने अपने घर में बारी-बारी से काट डाला

PHOTON NEWS JSR: शहर से सटे जादूगोड़ा थाना अंतर्गत नरवा पुल के पास पुलिस ने बोरे में बंद दो महिलाओं का शव बरामद किया था। घटना के 25 दिन बाद पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए सेवानिवृत आरपीएफ जवान दीनाकांत ठाकुर को गिरफ्तार किया है। मंगलवार को डीएसपी मुसाबनी संदीप भकत ने बताया कि आरोपी दीनाकांत ने दोनों बहनों की हत्या कर शव को नदी में फेंक दिया था। पैसों के विवाद को लेकर की हत्या डीएसपी ने बताया कि पुलिस ने मृतकों की पहचान बमामंडिह निवासी पुष्पा दास (60) और प्रतिभा दास (45) के रूप में की थी। जांच के दौरान पता चला कि दोनों का पारिवारिक संबंध परसुडीह निवासी दीनाकांत ठाकुर से था। दीनाकांत ने कई बार पुष्पा दास से उधार पैसे लिए थे। दोनों ने कई बार अपने रुपये वापस मांगे पर दीनाकांत रुपये लौटाने में असमर्थ था। दबाव बढ़ने पर उसने हत्या की योजना बनाई और 14 नवंबर को दोनों को अपने घर बुलाया, जहां अपने ही घर में दोनों बहनों की धारदार हथियार से हत्या कर दी।

पुलिस गिरफ्त में आरोपी

सबूत छिपाने के लिए नदी में फेंके शव

हत्या के बाद मामले को छिपाने के उद्देश्य से आरोपी ने देर रात अपने ही वाहन में दोनों बहनों के शव को बोरे में बंद कर लादा और शव को जुगसलाई स्थित नरवा पुल के नीचे फेंक दिया। पुलिस को तीन सप्ताह की मेहनत के बाद मामले का खुलासा करने में सफलता मिली। डीएसपी ने बताया कि इस हत्या में केवल दीनाकांत ठाकुर ही शामिल नहीं है। पुलिस अन्य संदिग्धों की तलाश कर रही है। इसके अलावा, अपराध में इस्तेमाल हुए वाहन और हत्या में प्रयुक्त हथियार को भी जल्द बरामद करने की तैयारी की जा रही है।

खरकई नदी पुल से झूलता मिला व्यक्ति का शव, जांच में जुटी पुलिस

SARAIKELA : सरायकेला-खरसावां जिले के सरायकेला थाना क्षेत्र के खरकई नदी पर बने मांझना घाट के नए पुल पर एक व्यक्ति का शव रेलिंग से झूलता हुआ पाया गया, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना सरायकेला थाना को पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। पुलिस ने शव को रेलिंग से उतारा। मृतक की पहचान सरायकेला के पतो टोला निवासी रंजीत पती (43) के रूप में हुई है। बताया गया कि रंजीत इलाके में किराने की दुकान चलाता था। मृतक मंगलवार को सुबह दुकान के पास झाड़ू लगाने के बाद मॉर्निंग वॉक पर निकला था और मांझना घाट के पुल पर पहुंचा। कुछ समय बाद वह पुल की रेलिंग से रस्सी के सहारे झूलता हुआ पाया गया। जानकारी के अनुसार, मृतक के गले में बंधी पॉलीथिन में एक सुसाइड नोट होने की बात कही जा रही है। हालांकि, पुलिस आत्महत्या और हत्या दोनों कोणों से जांच कर रही है।

घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस पदाधिकारी

जुगसलाई में 40 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ एक गिरफ्तार

JAMSHEDPUR : जुगसलाई थाना की पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक का नाम मो अल्ताफ उर्फ पिल्लू बच्चा है। वह जुगसलाई के गरीब नवाज कॉलोनी का रहने वाला है। मंगलवार को पुलिस गरीब नवाज कॉलोनी में गश्त कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि क्षेत्र में एक युवक ब्राउन शुगर बेच रहा है। सूचना पर पुलिस ने छापेमारी की। एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने उसे खदेड़कर पकड़ा। तलाशी के दौरान युवक के पास से कुल 40 पुड़िया ब्राउन शुगर और 1700 रुपये नकद बरामद किए गए। फिलहाल आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

कलयुगी मां ने बच्ची को नदी में फेंका, हुई मौत

- पति ने थाने में दर्ज कराई शिकायत, मामूली पारिवारिक विवाद में हुई घटना

JAMSHEDPUR : जादूगोड़ा थाना क्षेत्र में एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। डुड़कु गांव की रहने वाली सुप्रिया आचार्य ने अपनी आठ माह की बच्ची को गुर्रा नदी में फेंककर उसकी हत्या कर दी। इस घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल है। आरोपी महिला के पति सूर्यकुमार आचार्य ने जादूगोड़ा थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने अपनी पत्नी सुप्रिया आचार्य पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार, घटना वाले दिन सुबह सुप्रिया बच्ची को लेकर नहाने के बहाने नदी गई। वापस लौटने पर जब पति ने बच्ची के बारे में पूछा तो उसने कोई जवाब नहीं दिया। जब आसपास के लोगों को बुलाकर सख्ती से पूछताछ की गई, तो महिला ने स्वीकार किया कि उसने अपनी बच्ची को नदी में फेंक दिया।

बकझक के बाद उठाया कदम

पति सूर्यकुमार ने बताया कि घटना से एक दिन पहले दोनों के बीच कहासुनी हुई थी, जो बाद में सुलझ गई थी। लेकिन किसी को अंदाजा नहीं था कि उसकी पत्नी इतना बड़ा कदम उठा लेगी। पूछताछ में सुप्रिया ने बच्ची को फेंकने का कारण पारिवारिक विवाद बताया। सूर्यकुमार ने बताया कि पत्नी मेरे बुजुर्ग माता-पिता की देखभाल नहीं करना चाहती थी। वह अक्सर झगड़ा करती थी। मामूली कहा-सुनी को लेकर इतना बड़ा कदम उठाएगी, यह सोचा नहीं था।

पुलिस ने शव बरामद कर महिला को किया गिरफ्तार

जादूगोड़ा थाना प्रभारी राजेश मंडल ने बताया कि बच्ची का शव नदी से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आरोपित महिला सुप्रिया आचार्य को गिरफ्तार कर लिया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

दुर्घटना के बाद चाईबासा के बाईपास पर सड़क जाम करते लोग

अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में 3 युवकों की मौत, एक हुआ घायल

PHOTON NEWS CHAIBASA: पश्चिमी सिंहभूम जिले में अलग-अलग दो सड़क दुर्घटना में तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल है। जिसका इलाज चल रहा है। मृतकों में राजनगर के रंगामाटी निवासी प्रेमचंद तियु, लोढ़ा गांव निवासी अर्जुन मुर्मू और पांडरासाली के पटरापोसी निवासी भोले हेंब्रम शामिल है। तीनों युवकों का चाईबासा सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। जानकारी के अनुसार सोमवार की रात में एक बाइक पर सवार होकर प्रेमचंद, अर्जुन मुर्मू और करण सामड अपने गांव से चाईबासा की ओर आ रहे थे। रात लगभग 10 बजे अंधेरा होने के कारण टेकराहातु के पास एक खड़े ट्रक से टकरा गए। इससे प्रेमचंद और अर्जुन मुर्मू की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि करण सामड को सदर अस्पताल लाया गया। यहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए जमशेदपुर रेफर कर दिया। सोमवार की रात में ही भोले हेंब्रम बाइक से चाईबासा से घर जा रहा था।

ट्रक के धक्के से व्यक्ति जख्मी लोगों ने किया सड़क जाम

चाईबासा के बाईपास सड़क पर सुबह 11 बजे ट्रक की चपेट में आने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। लगातार हो रही दुर्घटना के विरोध में स्थानीय ग्रामीणों ने तांबो चौक को जाम कर दिया है। प्रशासन के समझाने के बाद जाम हटा दिया गया। घायल का दोनों पैर टूट गया है। उसका प्राथमिक उपचार चाईबासा सदर अस्पताल में करने के बाद जमशेदपुर रेफर कर दिया गया।

सड़क दुर्घटना में मानगो के व्यक्ति की मौत छोटे पुल के फुटपाथ पर चला रहा था स्कूटी

अनियंत्रित होकर गिरा, हेलमेट पहना होता तो बच सकती थी जान

PHOTON NEWS JSR: मानगो थाना अंतर्गत छोटा पुल पर मंगलवार दोपहर स्कूटी सहित गिरने से मानगो निवासी 40 वर्षीय अख्तर इमाम की मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने घायल अवस्था में अख्तर को इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल पहुंचाया, पर अख्तर ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। इधर, लोगों ने अख्तर के मोबाइल की मदद से परिजनों से संपर्क कर घटना की जानकारी दी। जानकारी मिलते ही परिजन एमजीएम अस्पताल पहुंचे। अख्तर के शव को देखकर परिजनों के बीच मातम पसर गया।

पुल पर बने फुटपाथ पर वाहन चलाने के दौरान हुआ हादसा : प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अख्तर मानगो से होते हुए साकची की ओर आ रहा था। वह छोटे पुल पर बने फुटपाथ पर स्कूटी चला रहा था। अचानक स्कूटी अनियंत्रित हो गई, जिससे अख्तर बीच सड़क पर गिरकर घायल हो गया। उसके सिर पर गंभीर चोट लगी।

मानगो पुल पर खड़ी स्कूटी व इनसेट में मृतक की फाइल फोटो

सिर पर चोट लगने से गई जान.

इधर, घटना को लेकर मानगो थाना प्रभारी निरंजन कुमार ने बताया कि मृतक ने हेलमेट नहीं पहन रखा था। घटना के दौरान वह सड़क पर गिरा, जिससे उसके सिर पर गंभीर चोट आई और मौत हो गई। उन्होंने बताया कि अगर मृतक ने हेलमेट पहन रखा होता, तो उसकी जान बच सकती थी। फिलहाल मृतक का शव एमजीएम अस्पताल के शव गृह में रख दिया गया है।

समाचार सार

वसुंधरा एस्टेट में शिव कथा 25 से 1 जनवरी तक

JAMSHEDPUR : मानगो में एनएच-33 स्थित वसुंधरा एस्टेट (निकट सिंचाई कॉलोनी) में 25 दिसंबर से 1 जनवरी तक सात दिवसीय त्रिशूल शिव महापुराण कथा होगी। इसमें श्रीधाम वृंदावन के स्वामी वृजनंदन शास्त्री महाराज प्रतिदिन संध्या 4 से 7 बजे तक प्रवचन देंगे। महाराज द्वारा व्यासपीठ से कथा वाचन के दौरान भगवान के अलग-अलग रूपों की झांकियों का दर्शन भी कराया जाएगा। इसका आयोजन किरण-उमाशंकर शर्मा परिवार द्वारा किया जा रहा है। कृष्णा शर्मा काली (जिला कोषाध्यक्ष, भाजपा) ने मंगलवार को बताया कि प्रथम दिन कलश यात्रा से कथा आरंभ होगी, जबकि अंतिम दिन शाम को भव्य भंडारा के साथ अनुष्ठान का समापन होगा। काली शर्मा ने बताया कि शिवकथा महोत्सव का आस्था चैनल पर सीधा प्रसारण भी होगा।

डीसी ने जनता दरबार में सुनी लोगों की समस्या

JAMSHEDPUR : समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दरबार में उपायुक्त अनन्य मित्तल ने मंगलवार को आमजनों की समस्या सुनी। उन्हें समयबद्ध कार्रवाई को लेकर आश्वस्त किया। इस दौरान 60 से ज्यादा फरियादियों ने सामाजिक व व्यक्तिगत समस्याओं को लेकर मुलाकात की तथा समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। फरियादियों ने इलाज में आ रही आर्थिक समस्या को लेकर आयुष्मान कार्ड बनाने, जमीन संबंधी विवाद, जातिप्रमाण पत्र, बकाया बिल भुगतान, पेंशन भुगतान, रास्ता विवाद, विदेशी दारू दुकान संचालक की शिकायत व दुकान बंद करने के संबंध में, विद्यालय में नामांकन समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं को लेकर उपायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराया। इस दौरान कई आवेदनों का ऑनस्पॉट समाधान भी किया गया। अन्य मामलों में उपायुक्त ने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध कार्रवाई करें।

मानवाधिकार पर खुलकर बोले बच्चे

JAMSHEDPUR : मानव अधिकार दिवस पर सोनारी स्थित आदर्श सेवा संस्थान ने अनूठे ढंग से मनाया। भालूबासा स्थित होटल मिष्ठान में मंगलवार को करीब 15 बस्तियों के बच्चे आए और उन्होंने घर-परिवार व स्कूल-कॉलेज सहित समाज में होने वाले मानव अधिकार उल्लंघन पर खुलकर अपनी बात रखी। इस कार्यक्रम में संस्थान की अध्यक्ष डॉ. निर्मला शुक्ला, सचिव प्रभा जायसवाल, कार्यकारिणी सदस्य पूरबी घोष व रवींद्रनाथ चौबे भी उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन संस्थान की लक्खी दास ने किया।

टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में मानवाधिकार दिवस

CHAKRADHARPUR : मधुसूदन महतो टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज की एनएसएस यूनिट द्वारा मंगलवार को मानवाधिकार दिवस मनाया गया। बीएड और डीएलएड के छात्र-छात्राओं ने मानवाधिकार के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। प्राचार्य प्रभारी खुशबू कुमारी ने आज के युग में एकता और सहानुभूति के सिद्धांतों को बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस अवसर पर प्रबंधन समिति से उमेश चंद्र महतो, शशिभूषण महतो, विभागाध्यक्ष डॉ. शिव प्रसाद महतो, एनएसएस पीओ राजाराम धनवार, डॉ. गणेश कुमार, नीतीश प्रधान, अनिल प्रधान, नीतीश कुमार दास, शिओन बारला, अमित महतो, अर्चना महतो, पूजा प्रधान, शिवशंकर प्रधान आदि भी मौजूद थे।

अनाथ बच्चों में किया वस्त्र का वितरण

CHAKRADHARPUR : चक्रधरपुर प्रखंड के पदमपुर पंचायत अंतर्गत कोटुवा पदमपुर गांव में कुछ वर्ष पहले बीमारी के कारण विपिन सिंह बोदरा की मौत हो गई थी। उसने तीन शादी की थी, जिसमें मंझली और छोटी पत्नी की भी बीमारी के कारण मौत हो गई। तीनों पत्नी से 10 बच्चे हैं। पिता के निधन के बाद बच्चे अनाथ हो गए। 10 बच्चों की जिम्मेदारी बड़ी पत्नी मुन्नी बोदरा और वृद्ध ससुर पर है। परिवार काफी गरीब है। इसकी सूचना मिलने पर सुमिता होता फाउंडेशन के अध्यक्ष सह समाजसेवी सदानंद होता परिवार से मिले और बच्चों के बीच वस्त्र का वितरण किया।

घाटशिला कॉलेज के प्राचार्य बने एजेके चाकुलिया के यूआर

GHATSILA : घाटशिला कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आरके चौधरी को कोल्हान विश्वविद्यालय ने एजेके कॉलेज, चाकुलिया का यूनिवर्सिटी रिप्रेजेंटेटिव (यूआर) बनाया है। इसे लेकर एजेके कॉलेज के सचिव बंटी उपाध्याय ने मंगलवार को घाटशिला कॉलेज आकर प्राचार्य का स्वागत किया। बंटी उपाध्याय ने प्राचार्य से अनुरोध किया कि उनके कॉलेज में झारखंड स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी का स्टडी सेंटर खुलवा दिया जाए। प्राचार्य ने झारखंड स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी, रांची के कुलपति डॉ. टीएन साहू व को-ऑर्डिनेटर डॉ. प्रेम सागर केसरी से बात की। प्राचार्य ने बताया कि कुलपति से सहमति मिल गई है। शीघ्र ही इस कॉलेज में ओपन यूनिवर्सिटी का स्टडी सेंटर खुल जाएगा।

मानगो में सड़क किनारे से हटाईं दुकानें

स्थायी दुकानों की भी हुई जांच, कई का एक्सटेंशन हटाया गया

PHOTON NEWS JSR: उपायुक्त अनन्य मित्तल के निर्देश पर मानगो में ट्रैफिक समस्या के निदान को लेकर मानगो नगर निगम द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। मानगो चौक से डिमना चौक के रास्ते में सेंट्रल वर्ज के किनारे सड़क से अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान अवैध तरीके से सड़क किनारे अस्थायी रूप से बैठने वाले सब्जी विक्रेताओं, ठेला-खोमचा संचालकों व अन्य दुकानदारों से सड़क को अतिक्रमण मुक्त किया गया साथ ही सख्त चेतावनी दी गई कि जानमाल की सुरक्षा को देखते हुए खुले स्थान पर दुकान लगाएं, सड़क किनारे जोखिम लेकर दुकान नहीं लगाएं, इससे जाम की भी समस्या बनी रहती है। दोबारा से अतिक्रमण करने पर विधि-सम्मत कार्रवाई की चेतावनी दी गई। दंडाधिकारी के रूप में मानगो नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त आकिब जावेद की देखरेख में पूरा अभियान चला। इस मौके पर स्थानीय थाना के पुलिस पदाधिकारी, क्यूआरटी व पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात रहे। विदित हो कि अतिक्रमण हटाने के साथ साथ ट्रैफिक रेगुलेट करने के लिए अतिरिक्त मानव बल की भी प्रतिनियुक्ति की गई है, ताकि लोग सुगमता से आवागमन कर सकें। जिला प्रशासन द्वारा मानगो में ट्रैफिक व्यवस्था की लगातार समीक्षा की जा रही है। आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं, ताकि ट्रैफिक व्यवस्था और सुगम हो एवं मानगो क्षेत्रवासियों को आवागमन में आसानी हो।

फुटपाथ पर लगी दुकान हटाते पुलिस के जवान • फोटोन न्यूज

साकची में पैदल मार्च करते भाकपा कार्यकर्ता • फोटोन न्यूज

सीपीआई ने महंगाई के खिलाफ किया प्रदर्शन, सौंपा गया ज्ञापन

JAMSHEDPUR : कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया ने केंद्र सरकार के खिलाफ मंगलवार को राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन कर उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। जिला सचिव अंबुज कुमार ठाकुर के नेतृत्व में कार्यकर्ता व समर्थक आमबगान मैदान से पैदल नारेबाजी करते हुए जिला समाहरणालय पहुंचे। प्रदर्शन के दौरान अंबुज ठाकुर ने कहा कि बढ़ती महंगाई से आम जनता को दो जून का खाना जुटना मुश्किल हो रहा है। वहीं पिछले 45 वर्षों में सबसे अधिक बेरोजगारी हो गई है। जीविका के लिए लोग गलत रास्ते पर भटक रहे हैं। केंद्र सरकार अपने वादे के अनुसार प्रतिवर्ष 2 करोड़ रोजगार का सृजन करे। पूरे देश में सरकारी, अर्द्ध सरकारी एवं निजी संस्थानों में स्थायी प्रवृत्ति के कार्यों को ठेका पर कराया जा रहा है। इस पर अविलंब रोक लगाई जाए। उद्योगपतियों और पूंजीपतियों के हित में 4 लेबर कोड को का विरोध करते हुए पुराने कानूनों को लागू करने की मांग रखी।

डीसी व एसपी ने मुंडा व ग्रामीणों के साथ की बैठक, विकास कार्यों में तेजी लाने का पदाधिकारियों को दिया निर्देश

उग्रवादियों की हत्या के चार दिन बाद गुदड़ी पहुंचा जिला प्रशासन

RAJESHWAR PANDEY @ CHAIBASA

पश्चिमी सिंहभूम जिले के नक्सल प्रभावित चक्रधरपुर अनुमंडल के गुदड़ी थाना क्षेत्र में चार दिसंबर को पीएलएफआई के एरिया कमांडर मेटा टाइगर व गोमिया की ग्रामीणों ने हत्या कर दी थी। इस घटना के चार दिन बाद जिला प्रशासन के पदाधिकारी मंगलवार को भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच गुदड़ी पहुंचे। इनमें उपायुक्त कुलदीप चौधरी, एसपी आशुतोष शेखर, पोड़ाहाट अनुमंडल पदाधिकारी श्रुति राजलक्ष्मी, डीडीसी संदीप कुमार मीणा, एसपी अभियान पारस राणा, एसडीपीओ नलिन कुमार मरांडी समेत जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी थे। प्रशासनिक पदाधिकारियों ने प्रखंड सभागार में मुंडा व अन्य ग्रामीणों के साथ बैठक कर जानकारी ली। डीसी कुलदीप चौधरी ने कहा कि क्षेत्र के विकास और अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई। ग्रामीण मुंडाओं से बात कर राजस्व वसूली की दिशा में प्रगति लाने की बात कही गई। गुदड़ी प्रखंड में चल रहे कारो पुल के निर्माण के अलावा अन्य विकास योजनाओं की गति तेज करने व जल्द पूरा करने का निर्देश दिया गया।

जिला प्रशासन के गुजरते वाहन व सड़क पर गिरे बोल्डर • फोटोन न्यूज

प्रशासन को रोकने के लिए गुदड़ी जाते समय सड़क पर रखा गया था पत्थर

जिला प्रशासन के टीम गुदड़ी जाने के समय डीसी, एसपी समेत अन्य पदाधिकारी के काफिले को अचानक रुकना पड़ा। इसका कारण सड़क पर बड़े-बड़े पत्थर रख कर सड़क को बंद करने की कोशिश की गई थी। हालांकि सुरक्षा व्यवस्था के बीच पुलिस द्वारा सड़क पर रखे पत्थर को हटाया गया। इसके बाद पदाधिकारियों का काफिला आगे बढ़ा।

डीसी, एसपी ने किया विद्यालय व पुल का निरीक्षण

डीसी-एसपी ने रास्ते में पड़ने वाले उत्क्रमित मध्य विद्यालय जाते-लोढ़ाई, गुदड़ी के कारो नदी में बन रहे पुल के अलावा वापसी के समय सोनुवा के बेहराबेड़ा स्थित मॉडल स्कूल भवन में संचालित झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय गुदड़ी का भी जायजा लिया। विद्यालय में बच्चों से बात कर उनकी पढ़ाई की जानकारी लेते हुए शिक्षकों को दिशा-निर्देश दिया। एमडीएम का भी निरीक्षण किया। जाते-लोढ़ाई स्कूल परिसर में करीब दो साल से अधूरी पड़ी पाकशाला के बारे में जानकारी ली। स्कूल के मैदान का निरीक्षण कर मैदान को पोटो हो खेल मैदान योजना से जोड़ कर मैदान को बेहतर बनाने की बात कही। वहीं, कारो नदी पर बन रहे पुल के निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश डीसी ने दिया।

दो उग्रवादियों के सेंदरा की चर्चा अब तक नहीं मिला शव

पश्चिमी सिंहभूम के नक्सल प्रभावित गुदड़ी थाना क्षेत्र के टोमडेल पंचायत के इलाके में पीएलएफआई कमांडर मेटा टाइगर, गोमिया कि हत्या का पुलिस अभी जांच कर रही है कि ग्रामीणों द्वारा सोमवार को पीएलएफआई के दो उग्रवादियों का सेंदरा करने की चर्चा है, हालांकि अब न उनका शव मिला है, न उनका नाम सामने आया है।

शव बरामदगी के लिए की जा रही छानबीन : एसपी

पीएलएफआई उग्रवादियों की हत्या के मामले में एसपी आशुतोष शेखर ने कहा कि पुलिस और सुरक्षा बलों द्वारा दोनों के शव बरामदगी के लिए छानबीन की जा रही है। इसके लिए गुदड़ी थाना के पदाधिकारी लगातार अभियान चला रहे हैं।

पीएलएफआई के खिलाफ ग्रामीणों ने छेड़ा आंदोलन

पीएलएफआई के उग्रवादी व अन्य कई समर्थक पिछले कुछ माह से क्षेत्र के गुदड़ी, आनंदपुर, सोनुआ, गोइलकेरा, कराईकेला, आनंदपुर में आतंक फैलाए हुए हैं। उग्रवादी व उनके समर्थक अवैध बालू, वाहन चालकों के अलावा अन्य ग्रामीणों को डरा-धमका कर लेवी देने के लिए मजबूर कर रहे थे। निर्दोष ग्रामीणों की पिटाई भी कर रहे थे, जिससे तंग आकर करीब 30 गांव के ग्रामीणों ने क्षेत्र से अपराधियों व उग्रवादियों का खात्मा करने के लिए बैठक कर निर्णय लिया। इसे लेकर हजारों ग्रामीण ने तीर-धनुष, भाला, दाउली, कुल्हाड़ी सहित अन्य धारदार हथियार से लैस होकर जन आंदोलन की शुरुआत कर दी। वे पिछले तीन दिनों से इलाकों में पहाड़ी के 40 किलोमीटर दायरे में ऑपरेशन सेंदरा चला रहे है। इसी क्रम में ग्रामीणों ने पीएलएफआई के जुप लीडर मेटा टाइगर को तीर से मार गिराया। इसके साथ ही उसका एक अन्य सहयोगी गोमिया भी मारा गया। मेटा टाइगर पूर्व उग्रवादी शनिचर सुरीन का भतीजा था।

BRIEF NEWS

जहानाबाद में अपराधियों ने मामा-भांजे पर बरसाई गोलियां, एक की मौत

JAHANABAD : बिहार के जहानाबाद में एक बार फिर से गोलियों की गूंज सुनाई पड़ी है। इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई, वहीं दूसरा घायल हो गया है। मृतक की शिनाख्त जाठु मांझी (उम्र 40 वर्ष) के रूप में हुई है। यह घटना घोसी थाना क्षेत्र के आजाद नगर की है। बताया जाता है कि जिन दो लोगों को गोली मारी गई, वो आपस में मामा-भांजे हैं। जाठु मांझी का भांजा बाबू चंद्र मांझी गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसे पहले सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालांकि गंभीर अवस्था देखते हुए उसे पीएमसीएच रेफर कर दिया गया है। घायल बाबू चंद्र मांझी ने बताया कि सोमवार की रात हमारे गांव में 7 लोग जानवर चोरी करने पहुंच गए। जब वे खोल रहे थे, तभी हम लोग आवाज सुनकर जग गए। हल्ला करने लगे, तभी उन लोगों द्वारा हम लोगों पर अंधाधुंध फायरिंग की गई। इस घटना की सूचना स्थानीय थाने की पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने मृत व्यक्ति के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल जहानाबाद भेज दिया। साथ ही मामले की जांच में जुट गई।

70 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

ARARIYA : बसमतिया थाना पुलिस ने एसएसबी के साथ मिलकर 70 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ एक धंधेबाज को बेला गांव से गिरफ्तार किया है।बसमतिया थाना पुलिस और एसएसबी ने गुप्त सूचना पर संयुक्त कार्रवाई करते हुए यह कामयाबी हासिल की।गिरफ्तार धंधेबाज को भारत नेपाल सीमा स्थित बेला गांव के वार्ड संख्या 8 से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार नशे का कारोबारी बसमतिया थाना क्षेत्र के बेला गांव के वार्ड संख्या तीन का रहने वाला 24 वर्षीय संजीत कुमार दास है।मामले को लेकर बसमतिया थाना में आरोपित धंधेबाज के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।इस बात की जानकारी बसमतिया थानाध्यक्ष अमर कुमार ने देते हुए बताया कि आरोपित युवक से पूछताछ के बाद मंगलवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को कुचला

ARARIYA : अररिया में मंगलवार को रफ्तार का कहर रहा, जहां अररिया बहादुरगंज फोरलेन सड़क मार्ग में अजमतपुर के पास एक तेज अनियंत्रित ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी,जिसमें बाइक पर सवार दो युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोग काफी आक्रोशित हो गए और सड़क को जाम कर दिया। वहीं घटना की सूचना पर पहुंची बैरगाछी थाना पुलिस को जाम हटाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ीलेकिन स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों के मदद से आक्रोशितों और प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझा बुझाकर जाम हटवाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।घटना मंगलवार ढाई बजे के करीब की बताई जाती है।

तिरहुत एमएलसी चुनाव : जदयू, राजद व जन सुराज के उम्मीदवार हारे

निर्दलीय प्रत्याशी वंशीधर 12 हजार मतों से विजयी

AGENCY PATNA : बिहार विधान परिषद की तिरहुत स्नातक एमएलसी सीट के उपचुनाव की मतगणना में निर्दलीय उम्मीदवार एवं शिक्षक नेता वंशीधर ब्रजवासी 12 हजार मतों से विजयी घोषित किए गए है। इससे पहले वह पहली वरीयता की मतगणना के बाद 23 हजार वोट लाकर पहले नंबर पर थे। इसके बाद जन सुराज पार्टी के विनायक गौतम दूसरे, राजद के गोपी किशन तीसरे और जेडीयू के अभिषेक झा चौथे नंबर पर हैं। पहली वरीयता के वोटों से चुनाव नतीजा नहीं निकला, इसलिए अब दूसरी वरीयता के वोटों की गिनती हो रही है। एमएलसी उपचुनाव का रिजल्ट मंगलवार को जारी हो जाएगा। दूसरी वरीयता में सबसे कम वोट वाले कैंडिडेट को गिनती से बाहर

कर दिया गया। दूसरी वरीयता में दो मतों को एक गिना जाता है। गिनती की यह प्रक्रिया तब तक चलेगी. जब तक या तो किसी कैंडिडेट को कुल वैध वोट के 50 प्रतिशत से एक ज्यादा वोट ना आ जाए, या फिर आखिर में बचा दूसरे नंबर का प्रत्याशी एलिमिनेट ना हो जाए। जेडीयू सांसद देवेश चंद्र ठाकुर के विधान परिषद से इस्तीफे के बाद इस सीट पर उपचुनाव कराया गया। 17 उम्मीदवारों ने उपचुनाव लड़ा। 5 दिसंबर को इस सीट के तहत शिवहर, सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर और वैशाली में 197 बूथों पर करीब 48 फीसदी मतदान हुआ था। मुजफ्फरपुर के एमआईटी स्थित मतगणना केंद्र में 20 टेबल पर एक राउंड में 500-500 यानी लगभग 10 हजार मतों की गिनती हो रही है। मतगणना सोमवार सुबह 8 बजे शुरू हुई। मंगलवार को तिरहुत स्नातक सीट का फाइनल रिजल्ट जारी होने की संभावना है। एमएलसी उपचुनाव में लगभग 70 हजार वोट पड़े थे। नियमों के अनुसार जब तक कोई उम्मीदवार 50 फीसदी से ज्यादा वोट नहीं ले आता, तब तक गिनती जारी रहेगी। तिरहुत स्नातक एमएलसी उपचुनाव में शुरूआत से सबसे ज्यादा वोट लाकर आगे चल रहे निर्दलीय प्रत्याशी वंशीधर ब्रजवासी ने कहा कि वह जीत की ओर अग्रसर हैं। उम्मीदों की मशाल जलेगी। दूसरे प्रत्याशी आम जनता की अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरे, इसलिए उन्हें कम वोट मिले हैं। जनता ने वंशीधर ब्रजवासी पर भरोसा जताया है।

पुलिस टीम पर हमला करने के मामले में तीन लोग अरेस्ट

BHAGALPUR : जिले के जगदीशपुर थाना अंतर्गत अवैध खनन मामले में कार्रवाई के दौरान पुलिस टीम पर हमला करने के मामले में 03 व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। उक्त आशय की जानकारी मंगलवार को भागलपुर एसएसपी कार्यालय के हवाले से दी गई। वरीय पुलिस अधीक्षक के निदेशानुसार अवैध खनन, परिवहन, भंडारण के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में बीते सोमवार को पुलिस उपाधीक्षक सह थानाध्यक्ष जगदीशपुर को सूचना प्राप्त हुई कि कोला खुर्द गांव के तरफ से अवैध बालू लोड ट्रैक्टर आ रही है। सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए पुलिस उपाधीक्षक सह थानाध्यक्ष जगदीशपुर स्वयं दल-बल के साथ कोला खुर्द पहुंचे, जहां एक अवैध बालू लोड ट्रैक्टर को कब्जे में लिए। ट्रैक्टर को कब्जे में लेने के उपरांत कोला खुर्द गांव के 20-25 की संख्या में बालू माफियाओं ने हथियार एवं लाठी डंडे से लैस होकर पुलिस टीम पर हमला कर उक्त ट्रैक्टर को पुलिस अभिरक्षा से लेकर फरार हो गए।

सीएम नीतीश ने किया नए कलेक्ट्रेट भवन का उद्घाटन

AGENCY PATNA : मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार 10 दिसंबर को बिहारवासियों को बड़ी सौगात दी है। उन्होंने पटना के नए समाहरणालय भवन का उद्घाटन किया है। यह नया भवन अब आम जनता के लिए खोल दिया गया है। इस नए भवन के बन जाने से अब जिला प्रशासन के कामकाज में तेजी आएगी। मिली जानकारी के अनुसार इस नए भवन में जिला प्रशासन के सभी 39 विभाग एक ही छत के नीचे होंगे। जिससे आम लोगों को एक ही जगह पर अपनी सभी समस्याओं का समाधान मिल सकेगा। सबसे अधिक आम लोगों से जुड़े कार्यालयों को पहले मंजिल पर शिफ्ट किया गया है। ताकि लोगों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। पांच फ्लोर वाले भवन के सबसे ऊपरी मंजिल पर डीएम का ऑफिस रखा गया है। सभी विभागों का अलग-अलग प्रवेश द्वार होगा। परिसर में एक केंद्रीय हरित पब्लिक प्लाजा भी बनाया गया है। इस नए समाहरणालय भवन के परिसर में 445 वाहनों के लिए पार्किंग की सुविधा होगी। सुरक्षा के लिए पूरे कलेक्ट्रेट परिसर में 225 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। विभिन्न आकार के तीन कॉन्फ्रेंस रूम बनाए गए हैं जो अत्याधुनिक उपकरणों से लैस हैं। इस कॉन्फ्रेंस हॉल में 200 लोगों की बैठने की व्यवस्था है।

छात्रों का फर्जी अटेंडेंस दिखा रहे शिक्षकों पर नकेल कसने की तैयारी में आई तेजी

AGENCY PATNA : बिहार शिक्षा विभाग के एसीएस एस सिद्धार्थ ने सभी जिलों के शिक्षा अधिकारियों को मंगलवार को लिखे गए पत्र में कहा है कि कुछ शिक्षक विद्यालय के सुचारू संचालन के साथ धोखाधड़ी कर रहे हैं। बच्चों की उपस्थिति की फर्जी संख्या दिखा रहे हैं। जिसकी जानकारी विद्यालयों की निरीक्षण रिपोर्ट में मिली है। जो जिला शिक्षा अधिकारियों ने बनाई है। जो काफी खेदजनक है। अउर ने खत में ये भी लिखा है कि विद्यालय के पास रहने वाले शिक्षक शिक्षण कार्य में रुचि नहीं दिखा रहे हैं। शिक्षा विभाग के एसीएस एस सिद्धार्थ ने चेतावनी देते हुए आगाह किया है, कि अगर स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो ऐसे शिक्षकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की

एसीएस एस सिद्धार्थ।

जाएगी। जिसके लिए जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। सरकारी स्कूलों में शिक्षा और छात्रों को मिलने वाली सुविधाओं को लेकर एसीएस हमेशा गंभीर रहे हैं। कई बार खुद उन्होने स्कूलों का निरीक्षण किया है। छात्रों और शिक्षकों की समस्याओं को सुना है। ऐसे में शिक्षकों की लापरवाही और बच्चों की फर्जी अटेंडेंस बनाने वाले टीचर्स पर अब कभी भी गाज गिर सकती है। शिक्षा विभाग के एसीएस एस सिद्धार्थ का गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर भी जोर रहा है। शिक्षा की बात कार्यक्रम में उन्होने बताया कि बिहार के हर प्रखंड में मोबाइल कम्प्यूटर लैब होगी। प्राइमरी स्कूल के बच्चों को कम्प्यूटर को जानने का अवसर मिलेगा। अभी आठवीं तक के बच्चों को विद्यालय में ही कम्प्यूटर की शिक्षा दी जाती है। स्कूल के पहले दिन ही बच्चों को पुस्तक, बैग व यूनिफार्म मिल जाएगी। पहली अप्रैल 2025 से योजना कार्यान्वित होगी। इसी तरह सरकारी शिक्षकों के लिए ड्रेस कोड का पालन करना अनिवार्य होगा। उन्होंने बच्चों को पोशाक राशि समय पर उपलब्ध नहीं कराने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी।

लग्जरी बस से 1829.88 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद, दो लोग गिरफ्तार

BHAGALPUR : पुलिस जिला नवगछिया के कदवा थानान्तर्गत लग्जरी बस से कुल 1829.88 लीटर अवैध विदेशी शराब के साथ 02 तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। उक्त आशय की जानकारी मंगलवार को नवगछिया एसपी कार्यालय से दी गई। नवगछिया एसपी के निर्देशन में अवैध शराब के विरूद्ध लगातार चलायी जा रहे अभियान के क्रम में कदवा थाना को गुप्त सूचना मिली कि एक लग्जरी बस में काफी मात्रा में विदेशी शराब लाया जा रहा है। उसी क्रम में नवगछिया जीरो माईल की ओर से आती हुई बस रजि० नं०-बीआर 01पीसी 9974 को रोककर तलाशी लेने पर उक्त बस से कुल-204 पेटी में बंद 375 एमएल का 4488 बोतल एवं 180 एमएल का 816 बोतल कुल मात्रा 1829.88 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया।

ममता बनर्जी करें 'इंडिया' गठबंधन का नेतृत्व, राजद उनके साथ : लालू

AGENCY PATNA : पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के विपक्षी दलों के गठबंधन के नेतृत्व करने को लेकर दिए गए बयान के बाद सियासी पारा चढ़ गया है। सत्ता पक्ष से लेकर विपक्ष के नेता इस बयानबाजी में शामिल हो गए हैं। इस बीच, राजद प्रमुख और पूर्व केंद्रीय मंत्री लालू यादव भी ममता बनर्जी के समर्थन में उतर आए है। ऐसे में यह कांग्रेस के लिए किसी बड़े झटके से कम नहीं है। दरअसल, डेढ़ साल पहले जिस राहुल गांधी को राजद प्रमुख इंडिया गठबंधन का दूल्हा बता रहे थे उन्हें ही आज के समय में कांग्रेस नेता पर भरोसा नहीं रह गया है। ऐसे में यह सवाल उठना लाजमी है कि आखिर ऐसी क्या वजह है कि लालू यादव अपने ही वादे से पलट गए हैं। लेकिन उससे

पहले जान लेते है राजद नेता ने क्या कहा है? पटना में मंगलवार को लालू प्रसाद यादव पत्रकारों से बात कर रहे थे। इस दौरान पत्रकारों ने जब उनसे मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बयान के संबंध में पूछा तो उन्होंने कहा, 'इंडिया' गठबंधन का नेतृत्व ममता बनर्जी को दे देना चाहिए और इससे हम सहमत हैं। वहीं, जब उनसे कांग्रेस की आपत्ति को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, कांग्रेस के आपत्ति जताने से कुछ नहीं होगा। गठबंधन का नेतृत्व ममता बनर्जी को दे देना चाहिए। पिछले दिनों मीडिया से बात करते हुए ममता बनर्जी विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के कामकाज पर असंतोष व्यक्त किया था और मौका मिलने पर इसकी कमान संभालने के अपने इरादे का संकेत दिये थे।

लालू को कोइलवर में इलाज की है जरूरत : सम्राट चौधरी

AGENCY PATNA : भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के नेता और बिहार के उप-मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के अध्यक्ष और पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव को मानसिक रोगी बताया है और कहा है कि लालू को कोइलवर में इलाज कराने की जरूरत है। लालू यादव ने मंगलवार की सुबह-सुबह पटना में कहा था कि नीतीश कुमार आंख सेंकने के लिए महिला संवाद यात्रा पर जा रहे हैं। पत्रकारों ने लालू से पूछा था कि नीतीश 2025 के विधानसभा चुनाव में 225 सीट जीतने का दावा कर रहे हैं और यात्रा पर जा रहे हैं। इसके जवाब में लालू यादव ने कहा था कि वो आंख सेंकने जा रहे हैं, जाकर आंख सेकें। अगले चुनाव से आरजेडी सरकार में वापस आ रही है। सम्राट चौधरी ने लालू यादव के बयान को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। डिप्टी सीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार महिलाओं से संवाद करने जा रहे हैं। उनकी यात्रा पर लालू यादव ने जिस तरह के शब्दों का इस्तेमाल किया है, वह चिंताजनक है। सम्राट ने कहा- पहले हम समझते थे

कि लालू प्रसाद शारीरिक रूप से बीमार हैं। लेकिन उनके बयान से साफ हो गया है कि वे मानसिक रूप से बीमार हो गए हैं। उनको अब कोइलवर में इलाज कराने की आवश्यकता है। भोजपुर जिले के कोइलवर में बिहार राज्य मानसिक स्वास्थ्य एवं सम्बद्ध विज्ञान संस्थान (मेंटल हॉस्पिटल) है। नीतीश कुमार ने इसका उद्घाटन 2022 में किया था और तब लालू यादव के बेटे तेजस्वी यादव बतौर डिप्टी सीएम थे उनके साथ थे। 125 करोड़ रुपये खर्च से तैयार 272 बेड के इस मानसिक आरोग्यशाला के बनने से बिहार के लोगों को मानसिक बीमारियों के इलाज के लिए झारखंड के कांके, उत्तर प्रदेश के आगरा या दिल्ली के शाहादरा जाने से मुक्ति मिल गई है।

मुख्यमंत्री को जीविका दीदी देंगी सिक्की मउनी का उपहार

वाल्मीकिनगर के घोटवा टोला में हस्तकरघा का स्टॉल सीएम नीतीश को करेगा आकर्षित

AGENCY CHAMPARAN : मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के महिला संवाद का संभावित यात्रा की शुरूआत वाल्मीकि की तपों भूमि,लव कुश की जन्मस्थली वाल्मीकिनगर के घोटवा टोला से 15 दिसम्बर को होना है,जिसके लिए जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय के दिशा निर्देश पर जिला प्रशासन सहित प्रखंड के अधिकारी घोटवा टोला की सूरत को बदलने में दिन रात एक कर युद्ध स्तर पर कार्य को निष्पादन में लगे हैं। इसी क्रम में जीविका दीदियों के द्वारा थारू और आदिवासी जनजाति के महिलाओं द्वारा हाथ से निर्मित सिक्की मौनी,विभिन्न प्रकार के झाड़ू,साबुन,शहद सहित अन्य प्रकार के स्टॉल को लगाने की तैयारी जोरो पर है, जिसे लेकर जीविका के अधिकारियों के देख रेख में जीविका दीदियों द्वारा सिक्की मौनी,बांस,खजूर सहित कई प्रकार के जंगली झाड़ियों से झाड़ू का निर्माण,साबुन,और

मधुमक्खी के शहद की पैकिंग की तैयारी की जा रही है। जानकारी देते हुए जीविका के प्रखंड परियोजना प्रबंधक रितेश कुमार मिश्रा ने बताया बिहार सरकार के द्वारा संचालित जीविका द्वारा गरीब महिला के उत्थान के लिए कार्य किया जा रहा है।इसी दौरान सूबे के मुख्यमंत्री के संभावित आगवन को लेकर जीविका दीदियों द्वारा निर्मित हस्तकरगा का स्टॉल लगाया जायेगा,जो कि एक आकर्षण का केंद्र होगा।गांव की जीविका महिलाओं द्वारा मुख्यमंत्री के आगमन पर हाथ से बने सिक्किम मउनी का उपहार महिलाओं द्वारा भेंट की जा सकती है।इस मौके पर जीवकोपार्जन विशेषज्ञ सचिंद्र कुमार,सामुदायिक समन्वयक नितेश कुमार,रवि कुमार सहित दर्जनों जीविका दीदियां मौजूद रहीं।

बगहा में पांच मजदूरों पर तेंदुआ ने किया हमला

AGENCY CHAMPARAN : बगहा के दियारा इलाके में गन्ने के खेत में छुपे तेंदुआ ने अचानक मजदूरों पर हमला कर दिया। इस घटना में 5 मजदूर घायल हो गए हैं। वन विभाग तेंदुआ के पगमार्क का लोकेशन ट्रेस करने में जुटा है। इधर मजदूर आपबीती सुनाते हुए काफी सहमा हुआ दिख रहा है। मतलब साफ है कि, बगहा में बाघ के बाद अब तेंदुआ की मौजूदगी से लोग दहशत के साए में हैं। दरअसल धनहा थाना क्षेत्र के वंशी टोला में तेंदुआ ने खेत में काम करने गए मजदूरों पर हमला बोल दिया। जिसमें 5 किसान जख्मी हो गए हैं। घायल मजदूरों को इलाज के लिए उपस्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। तेंदुआ ने किसी के बांह पर काटा है तो किसी के कान और पैर को नोंच डाला है। तेंदुआ एक मजदूर के गर्दन दबोचने की फिराक में था। किसी तरह उसने अपनी जान बचाई। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने पगमार्क देखने के बाद बताया कि इस इलाके में तेंदुआ की उपस्थिति

है। फिलहाल उसे ट्रैक किया जा रहा है। बता दें कि वाल्मिकी टाइगर रिजर्व से भटका एक तेंदुआ कई दिनों से दियारा इलाके में भ्रमण कर रहा है। इस बीच वह लोगों को पीपी तटबंध पर भी दिखा था। बगहा रेंजर सुनील कुमार ने ग्रामीणों से अपील की है कि, "खेत के तरफ अकेले ना जाएं। यदि बहुत जरूरी हो तो समूह में आवाज और शोर करते हुए जाएं। वन विभाग के एक्सपर्ट कर्मियों द्वारा उसका लोकेशन ट्रैक किया जा रहा है। शीघ्र ही उसे जंगल क्षेत्र में भगा दिया जाएगा। बता दें कि पिछले हफ्ते ही वीटीआर जंगल से सटे गन्ना के खेत में एक बाघ ने चरवाहा के सामने ही उसके भैंस को मार डाला था।

खुशखबरी : राज्य सरकार अपने स्तर से लक्ष्य को लेकर तेजी से बढ़ रही आगे

बिहार में बनाए जाएंगे 10 नए एयरपोर्ट

AGENCY PATNA : बिहार के 10 शहरों से हवाई यात्रा की शुरूआत होगी। इन शहरों में नए एयरपोर्ट बनेंगे और वहां से छोटे विमानों का परिचालन शुरू किया जाएगा। इनमें वीरपुर, महरमा, भागलपुर, मुंगेर, मुजफ्फरपुर, वाल्मीकि नगर, मोतिहारी, रक्सौल, मधुबनी और छपरा शामिल है। पिछले दिनों केंद्र सरकार के पास इन 10 शहरों से हवाई यात्रा शुरू करने के लिए बोलियां प्राप्त हुई हैं। अब इन शहरों से हवाई यात्रा शुरू करने की संभावनाओं की तलाश शुरू कर दी गई है। केंद्र द्वारा बिहार सरकार से इन हवाई अड्डों के विकास के लिए भूमि की उपलब्धता के संबंध में सहमति और पुष्टि प्रदान करने का अनुरोध किया गया है। मंगलवार को

राज्यसभा में केंद्र सरकार की तरफ से यह जानकारी दी गई। भाजपा सांसद डॉ. भीम सिंह के राज्यसभा में पूछे गए सवाल पर नागर विमानन मंत्रालय ने कहा है कि बिहार के 10 शहरों में उड़ान 5.2 योजना के तहत एयरपोर्ट बनाने का प्रस्ताव है। नागर विमानन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने बताया कि इन एयरपोर्ट से 20 से कम सीटों वाले छोटे विमानों के लिए बोलियां प्राप्त हुई हैं। उड़े देश का आम नागरिक योजना (उड़ान) के तहत बोली प्रक्रिया के दूसरे चरण में दरभंगा हवाई अड्डे की विकास के लिए पहचान की गई थी। उड़ान योजना के तहत 8 नवंबर 2020 को हवाई अड्डे को प्रचालनरत कर दिया गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पिछले दिनों कहा था कि बिहार में 200 किलोमीटर पर एक एयरपोर्ट होना चाहिए। उन्होंने इस संबंध में केंद्र सरकार से अनुरोध भी किया था और सहयोग मांगा था। राज्य सरकार अपने स्तर से भी इस लक्ष्य को लेकर पहल कर रही है। बिहार में इस समय पटना, गया और दरभंगा से हवाई यात्रा की सुविधा मिल रही हैं। इन तीनों शहरों से घरेलू हवाई जहाजों का परिचालन हो रहा है। वहीं, बिहटा में एयरपोर्ट का नए सिरे से निर्माण कार्य चल रहा है। इसके मौजूदा स्वरूप का विस्तार किया जा रहा है। इसके लिए जमीन अधिग्रहण समेत कई आवश्यक कार्य पूरे किए जा रहे हैं। दूसरी ओर, पूर्णिया में भी एयरपोर्ट का निर्माण कार्य चल रहा है और अगले 2 साल के अंदर इसका निर्माण कार्य पूरा होने की संभावना है।

बॉडीगार्ड-बाउंसर रखने पर होगी जेल :एसपी रोशन

ROHTASH : अपनी दंबगई और हनक दिखाने के लिए बाउंसर रखना अब मंहगा पड़ सकता है। रोहतास में बाउंसर रखने के बढ़ते क्रेज को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने बाउंसर रखने वालों को स्थानीय थाना को सूचित करने का निर्देश दिया है। बिना सूचना के बाउंसर रखने वालों के खिलाफ स्थानीय थाना की पुलिस मामला दर्ज कर कार्रवाई कर सकती है। बाउंसर रखने की सूचना देने के बाद स्थानीय पुलिस बाउंसर का सत्यापन करेगी। बाउंसर में तैनात जवानों का पुलिस करेगी सत्यापनः रोहतास के एसपी रोशन कुमार के इस निर्देश के बाद वैसे नेता व हथियार के बल पर हनक दिखाने वाले लोगों में हड़कंप मचा है। एसपी ने बताया कि अब हर थाना की पुलिस ऐसे बाउंसर रखने वालों की सूची तैयार कर उनका सत्यापन करेगी।

वरमाला के दौरान स्टेज पर लड़खड़ाने लगा दूल्हा, दुल्हन ने तोड़ दी शादी

AGENCY BEGUSARIA : शादी का मंडप सज चुका था। बारात दरवाजे पर आ गई। दूल्हा बारातियों के साथ डांस करने लगा। तभी वधु पक्ष के लोगों में कानाफूसी होने लगी। दुल्हन को अपने होने वाले पति को लेकर मन में कुछ शंका हुई। फिर दूल्हा और दुल्हन वरमाला के लिए स्टेज पर आए। जयमाल होने से ठीक पहले दूल्हा स्टेज पर ही लड़खड़ाने लगा। थोड़ी देर पहले दुल्हन के मन में जो शंका थी वो अब यकीन में बदल गई। दुल्हन ने हिम्मत दिखाते हुए स्टेज से ही ऐलान कर दिया कि यह शादी नहीं हो सकती है। दुल्हन की यह बात सुनकर सभी बाराती हैरान रह गए। यह दिलचस्प मामला बिहार के बेगूसराय जिले के तेघड़ा का है। काजीरसलपुर पंचायत में बीते रविवार की रात को निकट के ही



गांव दनियालपुर से बारात आई थी। बारात जैसे ही दुल्हन के दरवाजे पर पहंची, तो दूल्हा बारातियों के सांग डांस करने लगा। फिर कुछ देर बाद जयमाल के दौरान दूल्हा स्टेज पर लड़खड़ाकर गिर गया। दरअसल, दूल्हा पूरी तरह शराब के नशे में धुत था। यह देख वधू पक्ष के लोग बारातियों को भला-बुरा कहने लगे। दुल्हन ने मंच से ही नशेड़ी दूल्हे के साथ शादी नहीं करने का ऐलान कर दिया। बताया जा रहा है कि लड़की के पिता ने परदेस में रहकर मेहनत-मजदूरी करके बेटी की शादी के लिए पैसा जमा किया था। उन्होंने धूमधाम से शादी की तैयारी की थी। शादी टूटने के बाद रात भर गांव में हंगामा होता रहा। वधू पक्ष ने लड़के वालों से दी गई रकम वापस करने की मांग की। रातभर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी होती रही। कई लोगों ने दुल्हन के इस साहसिक कदम की तारीफ की। वहीं, कुछ लोगों का कहना है कि घर आए बारातियों के साथ अच्छा व्यवहार नहीं किया गया। सोमवार को गांव के लोग पंचायती में लगे रहे। दूल्हे के पिता ने बताया कि उनके लड़के ने कब और कहां नशा कर दिया, उन्हें पता नहीं। मगर जो भी हुआ वो दुर्भाग्यपूर्ण है।

बैन ड्रग्स के लिए युवाओं में बढ़ती तलब

